Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

# घटती घटना

अम्बिकापुर, वर्ष 18,अंक -291 शनिवार ,27 अगस्त 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

लोभ के पूर्ति कभी नहीं होती,इसलिए लोभ के साथ क्षोभ सदा रहता है।

-समर्थ गुरू रामदास-

# गांधी परिवार के नजदीकी गुलाम नबी आजाद ने पार्टी से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली, 26 अगस्त 2022।** कांग्रेस के दिग्गज नेता गुलाम नबी आजाद ने आज पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। वह लंबे से समय से पार्टी ने नाराज बताए जा रहे हैं। कांग्रेस ने उन्हें राज्यसभा नहीं भेजा था।



बता दें कि कुछ दिन पहले ही आजाद ने कश्मीर में पार्टी के प्रचार समिति से इस्तीफा दे दिया था। सोनिया गांधी को संबोधित अपने इस्तीफे में आजाद ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता समेत सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है।

5 पेज के लेटर में कहा, राहुल में अपरिपक्वता

गुलाम नबी आजाद ने सोनिया गांधी को अपना 5 पेज का इस्तीफा सौंपा है। इस्तीफे ने गुलाम नबी आजाद ने कहा कि राहुल गांधी ने पार्टी में आतंरिक लोकतंत्र को पूरी तरह से खत्म कर दिया है। आजाद ने पत्र में कहा कि बीते कुछ सालों में राहुल गांधी ने सीनियर लीडर को दरकिनार कर दिया है। कांग्रेस में इन दिनों राहुल गांधी और सोनिया गांधी की दो टीम काम कर रही है। राहुल गांधी लगातार पार्टी के संविधान को दरकिनार करते हुए काम कर रहे हैं।

## गुलाम नबी आजाद के इस्तीफे पर टीएस सिंहदेव का बड़ा बयान



**रायपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद के पार्टी छोड़ने पर छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने भी अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि ये उनका अपना निर्णय है। उन्हें लग रहा होगा कि कांग्रेस में अब उनके काम करने के लिए जगह नहीं है। टीएस सिंहदेव ने कहा कि मत में भले चाहे जो भी अंतर हो, लेकिन हर किसी के मन की कुछ अभिलाषाएं होती हैं, मेरी भी हैं, आपकी भी होंगी और अगर उनकी पूर्ति नहीं हो रही है, तो सार्वजनिक पटल पर अपनी भावनाओं को व्यक्त करना अनुशासन के दायरे के बाहर हो जाता है। उन्होंने कहा कि गुलाम नबी आजाद काफी समय से मुखर होकर पार्टी के अंदर की बातों को सार्वजनिक मंच पर रख रहे थे। फिर भी पार्टी ने उनके कद और सम्मान का ध्यान रखते हुए कोई कार्रवाई नहीं की। टीएस सिंहदेव ने कहा कि हाईकमान ने काफी संयम बरता और न तो आजाद के खिलाफ कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई हुई और न तो उन्हें सार्वजनिक मंच पर कभी टोका गया।

विवाद, विधायक और एफआईआर

# बीजेपी विधायक पर 101 केस दर्ज,विवादों से रहा गहरा नाता



**हैदराबाद, 26 अगस्त 2022।** विधायक टी राजा सिंह को फिर से गिरफ्तार कर लिया गया है. इस बार उन्हें पीडी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है. इससे पहले उन्हें पैगंबर मोहम्मद पर विवादित बयान देने के लिए गिरफ्तार किया गया था. हैदराबाद पुलिस ने कहा कि टी राजा के खिलाफ दर्ज 101 आपराधिक मामलों में से वह 18 सांप्रदायिक अपराधों में शामिल हैं. विधायक को सेंट्रल जेल चेरियापल्ली में रखा गया है. तेलंगाना में विवादित बयान को लेकर टी राजा सिंह का विरोध हो रहा है.

तेलंगाना की राजनीति में राजा सिंह एक जाना-माना नाम है. उन्होंने एक नगरसेवक के रूप में शुरुआत की और भाजपा विधायक दल के नेता बने और शुरू से ही विवादों का केंद्र रहे. इसका प्रमाण इस बात से मिलता है कि पिछले 18 साल में उनके खिलाफ कुल 101 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें धार्मिक घृणा के 18 मामले शामिल हैं.

2018 के चुनावों में गोशामहल निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के लिए चुनाव लड़ने पर उनके खिलाफ 43 आपराधिक मामले थे. इनमें से कई मामलों को हाल ही में खारिज कर दिया गया है. राजा सिंह के राजनीतिक करियर की शुरुआत तेलुगु देशम पार्टी से हुई थी.

उन्होंने मंगलहट डिवीजन से टीडीपी पार्षद के रूप में 2009 जीएचएमसी चुनाव जीता. 2014 के आम चुनावों में, उन्होंने गोशामहल से भाजपा उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा. राजा सिंह एकमात्र विधायक हैं, जो पिछले चुनाव में भाजपा से राज्य में जीते थे.

नगर सेवक रहते हुए राजा सिंह धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेकर युवाओं का दिल जीतने में सफल रहे. 2010 से वे हर साल श्री राम शोभायात्रा का आयोजन करते आ रहे हैं. जैसे-जैसे यह यात्रा शहर के अन्य हिस्सों में फैली, इसे एक वर्ग में प्रमुखता मिली.

# जिस घर में गूंज रही थी शहनाई,वहां पसरा मातम एक साथ उठी एक ही परिवार के 5 लोगों की अर्थी

**मुरादाबाद , 26 अगस्त 2022।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में बीती रात एक तीन मंजिला इमारत में अचानक भीषण आग लग गई. ये आग इमारत के गोदाम में लगी थी. आग इतनी तेजी से फैली से कि पहली मंजिल पर मौजूद लोगों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला, और देखते ही देखते एक ही परिवार के पांच लोगों की जलकर मौत हो गई. मरने वालों में तीन मासूम बच्चे भी शामिल है, जिनकी उम्र 3,7 और 12 साल है.

आज इस घर में शादी की रौनक होती. इसी शादी में शामिल होने रानीखेत से शमा परवीन मुरादाबाद अपने मायके आई थीं. पहली मंजिल पर वो अपनी मां और बच्चों के साथ थीं. कुछ ही पल इस घर की सारी खुशियां खाक हो गई. जिस घर में शहनाई गूंज रही थी, वहां अब मातम पसरा है.

मुरादाबाद के थाना गलशहीद इलाके में रहने वाले इरशाद कुरैशी के दमाद जावेद कुरेशी की दो बेटियों की 26 अगस्त को शादी थी. इस शादी में शामिल होने के लिए इरशाद कुरैशी की उत्तराखंड के रानीखेत में रहने वाली बेटी शमा परवीन अपने 3 बच्चों के साथ आई थी. शमा परवीन अपने पिता के घर पर ही रुकी हुई थी.



घर में खुशी की महफ़िल सजी हुई थी. सब तैयारी में जुटे थे, लेकिन क्या पता था कि एक चिंगारी उनकी खुशियों को तबाह कर देगी. 65 वर्षीय कमर आरा, 35 वर्षीय शमा परवीन, 12 साल की उमेमा ,7 साल की नाफ़िया, 3 साल की इबाद की आग और धुएं में घिरने के कारण मौत हो गई.

आग लगने की सूचना पर मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम और पुलिस के आला अधिकारियों ने रेस्क्यू अभियान चलाकर 7 लोगों को दूसरी मंजिल से नीचे उतारा और अस्पताल में भर्ती करा दिया. मकान के प्रथम तल से फायर ब्रिगेड की टीम ने तीन बच्चों और दो महिला निकालकर ज़िला अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टर ने उन सभी को मृत घोषित कर दिया।

### कैसे लगी आग ?

इरशाद के घर के नीचे स्क्रैप व पुराने टायर का गोदाम था. बताया जा रहा है कि शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी होगी, लेकिन फिर भी इसकी जांच की जा रही है. वहीँ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने जनपद मुरादाबाद में हुए एक हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दु:ख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं।

# सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला,'मुफ्त की सौगातें' बांटने वाले केस को 3 जजों की बेंच के पास भेजा

**नई दिल्ली , 26 अगस्त 2022।** राजनीतिक पार्टियों द्वारा 'फ्रीबीज' यानी मुफ्त की सौगातें बांटने पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला सामने आया है। कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई के लिए केस को तीन जजों की बेंच को पुनर्विचार के लिए ट्रांसफर कर दिया है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मसले पर विशेषज्ञ कमिटी का गठन करना सही होगा। लेकिन उससे पहले कई सवालों पर विचार करना जरूरी है। 2013 के सुब्रमण्यम बालाजी फैसले की समीक्षा भी जरूरी है। हम यह मामला तीन जजों की विशेष बेंच को सौंप रहे हैं। अगली सुनवाई दो हफ्ते बाद होगी।



सुप्रीम कोर्ट के वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा दायर एक जनहित याचिका पर अदालत का यह फैसला आया है। कोर्ट ने कहा कि 'फ्रीबीज' टैक्सपेयर का महत्वपूर्ण धन खर्च किया जाता है। हालांकि सभी योजना पर खर्च फ्रीबीज नहीं होते। यह मसला चर्चा का है और अदालत के दायरे से बाहर है।

अदालत ने सुनवाई के दौरान कहा कि सरकार को ऑल पार्टी मीटिंग बुलाकर चर्चा करनी चाहिए। इसके लिए कमेटी बनाना अच्छा रहेगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'कुछ सवाल हैं जैसे कि न्यायिक हस्तक्षेप का दायरा क्या है? क्या अदालत किसी भी योजना को लागू करने योग्य आदेश पास कर सकती है? समिति की रचना क्या होनी चाहिए? कुछ पार्टी का कहना है कि सुब्रमण्यम बालाजी 2013 के फैसले पर भी पुनर्विचार की जरूरत है।'

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि फ्रीबिज एक ऐसी स्थिति पैदा कर सकती है, जहां राज्य को दिवालिया होने की ओर धकेल दिया जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसी मुफ्त घोषणा का इस्तेमाल पार्टी की लोकप्रियता बढ़ाने के लिए किया जाता है। यह राज्य को वास्तविक उपाय करने से वंचित करता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि निर्वाचन लोकतंत्र में निर्वाचक मंडल के पास सच्ची शक्ति है।

इस मामले की पिछली सुनवाई में कोर्ट सरकार से सर्वदलीय बैठक के जरिए एक राय बनाने की बात कह चुका है। चुनाव आयोग ने भी कहा कि इस बाबत नियम कायदे और कानून बनाने का काम उसका नहीं, बल्कि सरकार का है। वहीं, सरकार ने कहा कि कानून बनाने का मामला इतना आसान नहीं है। कुछ विपक्षी पार्टियां इस मुफ्त की घोषणाएं करने को संविधान प्रदत्त अभिव्यक्ति के अधिकार का अंग मानती हैं।

## गृहमंत्री की सख्ती के बाद गुगल की बड़ी कार्रवाई, प्ले स्टोर से हटाए गए 2000 लोन ऐप्स

**मध्यप्रदेश, 26 अगस्त 2022।** गृहमंत्री की सख्ती के बाद गूगल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 2000 इंस्टेट लोन ऐप को प्ले स्टोर से हटा दिया है। गूगल ने ये बड़ी कार्रवाई एमपी के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा की सख्ती के बाद की है। गृहमंत्री ने बताया कि गूगल को इन ऐप्स को हटाने के लिए बहुत धन्यवाद। और उनके अधिकारियों से यही गुजारिश कि कोशिश करें कि आगे भविष्य में ऐसे कोई ऐप गूगल में प्रयोग नहीं लाए जाएं।

बता दें ये ऐसे लोन ऐप्स लोगों को सिर्फ कुछ वेरफिकेशन करने के बाद में इंस्टेंट लोन देते थे। इन पैसों को चुकाने के लिए कंपनी कुछ दिन या महीने का समय देती है। अगर आप इन समय में लोन चुकाने में सक्षम नहीं रहेंगे तो ये आपसे मनमाना ब्याज वसूलते थे। राशि न दे पाने पर ये यूजर्स के साथ अभद्र तरीके से पेश आते थे और उन्हें ब्लैकमेल करते थे। इन धमकियों की वजह से कई परिवारों ने आत्महत्या तक कर ली थी।

गंभीर लापरवाही

# बाढ़ आने पर संचालक गौशाला में ताला लगाकर चला गया,बहने से 25 गौवंश की मौत

## संचालक सहित तीन पर *FIR*, दो गिरफ्तार,एक फरार






**राजगढ़, 26 अगस्त 2022।** मध्यप्रदेश के राजगढ़ की एक गौशाला से बड़ी लापरवाही सामने आई है। राजगढ़ जिले के तलेन थाना क्षेत्र की निंद्रा खेड़ी गांव की प्रीतम गौशाला की गाये बाढ़ के पानी में बह गई। बाढ़ की चपेट में आने से 25 गायों की मौत हो गई। बाढ़ का पानी उतरने के तीन दिन बाद खेत, नदी किनारे, झाड़ियों और पेड़ पर से 25 गायों के शव पुलिस और प्रशासन को मिले। मामले को लेकर हिन्दू संगठन के कार्यकर्ताओं में गुस्सा है। शिकायत के बाद तलेन पुलिस ने तीन लोगों पर मामला दर्ज कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मृत सभी गायों को गड्ढा खोदकर दफन कर दिया है।

बताया जा रहा है कि राजगढ़ जिले के तलेन के समीप निंद्राखेड़ी गांव में प्रीतम राजपूत उर्फ प्रीतम महाराज द्वारा प्रीतम गौशाला का संचालन किया जाता है। वहां करीब 100 गाये थी। राजगढ़ में लगातार बारिश के कारण उगल नदी में आई बाढ़ के कारण गौशाला के संचालक और कर्मचारी गौशाला में बाहर से ताला लगाकर चले गए। जिसके कारण गौशाला की गाय नदी के पानी में बह गई। बुधवार को थाना प्रभारी उमेश मुकाती, नायब तहसीलदार और नगर पालिका सीएमओ को सूचना मिली कि गौशाला से आधे किलोमीटर की दूरी पर 25 गायों के शव पड़े है।

जिसके के बाद पुलिस और प्रशासन के साथ हिन्दू संगठन के लोगों ने गायों के शव बरामद कर उनका पोस्टमार्टम करवाकर उन्हें दफन करवाया। शवों में 23 बड़ी गाय व 2 छोटे बछड़े थे।

## महाराष्ट्र से जम्मू कश्मीर तक भूकंप के झटके से कांपी धरती,दहशत में आए लोग

**नई दिल्ली, 26 अगस्त 2022।** देश के कई हिस्सों में एकबार फिर भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। इसबार भूकंप के झटके महाराष्ट्र से जम्मू कश्मीर तक महसूस किए गए हैं। इतना ही नहीं अफगानिस्तान में भी भूकंप के झटके आए है। हालांकि, अच्छी बात यह रही की महाराष्ट्र और जम्मू कश्मीर या अफगानिस्तान, कहीं से भी जान माल के नुकसान की अभी तक कोई खबर नहीं है।




नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक महाराष्ट्र के कोल्हापुर में रात के 2.21 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.9 मापी गई। भूकंप का केंद्र जमीन के अंदर 10 किलोमीटर की गहराई में था।

वहीं जम्मू कश्मीर में रात के 3 बजकर 28 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। यहां भूकंप का केंद्र कटरा से 62 किलोमीटर उत्तर पूर्व में सतह से पांच किलोमीटर की गहराई में था। यहां भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.4 मापी गई।

# हाईकोर्ट ने फिर खोली नदीमर्ग नरसंहार केस की फाइल,2003 में 24 कश्मीरी पंडितों की हुई थी सामूहिक हत्या



**श्रीनगर , 26 अगस्त 2022।** जम्मू कश्मीर से बड़ी खबर सामने आई है। जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय ने एक दशक पहले बंद हो चुके नदीमर्ग नरसंहार केस को रि-ओपन करने का आदेश दिया है। मार्च 2003 में मजहबी कट्टरपंथियों द्वारा पुलवामा जिले में 24 कश्मीरी पंडितों की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। न्यायमूर्ति संजय धर ने 21.12.2011 के आदेश को वापस लेने का अनुरोध स्वीकार कर लिया, जिसमें आपराधिक पुनरीक्षण याचिका खारिज कर दी गई थी। नदीमर्ग में हुए कश्मीरों पंडितों के नरसंहार मामले में 2003 में जैनापोरा, शोपियां में धारा 302, 450, 395, 307, 120-बी, 326, 427 आरपीसी, 7/27 आर्म्स एक्ट और धारा 30 के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में 7 लोगों का चालान किया गया था। जम्मू-कश्मीर हाई कोर्ट 15 सितंबर, 2022 को केस में अगली सुनवाई करेगा।

नदीमर्ग हत्याकांड मामले को फिर से खोलने से संबंधित सुनवाई में जम्मू कश्मीर हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय धर ने कहा, 'मामले की सुनवाई के दौरान, अभियोजन पक्ष ने निचली अदालत के समक्ष एक आवेदन दायर किया, जिसमें कमीशन पर सामग्री अभियोजन गवाहों की जांच करने की अनुमति मांगी गई थी। जैसा कि अभियोजन पक्ष के अनुसार, ये गवाह कश्मीर घाटी से बाहर चले गए थे और खतरे के डर से शोपियां में निचली अदालत के समक्ष पेश होने से हिचक रहे थे।'

# दुनिया का पहला मरीज जिसे एक साथ हुआ कोरोना,मंकीपॉक्स-एचआईवी

**नई दिल्ली, 26 अगस्त 2022।** इटली का एक शख्स एक साथ मंकीपॉक्स, कोरोना संक्रमण और एचआईवी से संक्रमित पाया गया है. दावा है कि यह दुनिया का पहला ऐसा मामला है, जिसमें तीनों रोगों के वायरस एक साथ एक ही व्यक्ति में पाए गए हैं. वैज्ञानिकों के मुताबिक, अभी यह पता नहीं चल सका है कि इसके शरीर पर दूरगामी असर क्या होंगे, पर ऐसा होना प्रतिरक्षा तंत्र को पूरी तरह नष्ट कर देने जैसा है.



कैटेनिया यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं का यह अध्ययन जर्नल ऑफ इन्फेक्शन में प्रकाशित हुआ है. इसके मुताबिक, 36 वर्षीय युवक कुछ समय पहले स्पेन की यात्रा पर गया था. वहां वह 16 से 20 जून तक रहा. वापस आने पर स्वास्थ्य संबंधित कई दिक्कतें हुई. नौ दिन बाद उसे बुखार, गले में खराश, सिरदर्द जैसे लक्षण दिखाई दिए. जांच में कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई. तीन दिन बाद हाथ में दाने दिखाई देने लगे और धीरे-धीरे पूरे शरीर पर फैल गए. उसे कैटेनिया शहर के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां वह मंकीपॉक्स से संक्रमित पाया गया..

# 3 साल की बच्ची ने महाकाल के गर्भगृह में किया शिवतांडव का पाठ

**उज्जैन, 26 अगस्त 2022।** मप्र के उज्जैन के विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग श्री महाकालेश्वर मंदिर में 3 साल की बच्ची ने शिव तांडव स्तोत्र का पाठ किया है. जिसे सुनकर हर कोई हैरान है. इस लड़की का वीडियो इन दिनों जमकर वायरल हो रहा है. प्ले स्कूल में पढ़ने वाली यह बच्ची गर्भगृह में बाबा महाकाल के सामने खड़ी होकर शिव तांडव स्तोत्र का पाठ करती दिखाई दे रही है.

यह नन्ही सी बच्ची अभी सिर्फ तीन साल की है, लेकिन इतनी छोटी सी उम्र में ही इस बालिका ने ना सिर्फ शिव तांडव स्त्रोत बल्कि महिषासुर मर्दिनी के मंत्रों को भी कंठस्थ कर लिया है. यह मंत्र याद करने के लिए बड़े-बड़ो को लगातार अभ्यास और अनवरत उच्चारण करना पड़ता है. लेकिन यह बालिका बाबा महाकाल के पूजन अर्चन के साथ बड़ी आसानी और सरलता से इन मंत्रों का जाप कर रही है.



उज्जैन के पानदरीबा क्षेत्र में रहने वाली एकादशी शर्मा की वैसे तो सिर्फ 3 वर्ष है, लेकिन छोटी सी उम्र में ही जिस तरीके से एकादशी शिवतांडव स्त्रोत और महिषासुर मर्दिनी के मंत्रों का जाप करती है. उससे हर कोई आश्चर्यचकित और प्रभावित हो जाता है. एकादशी की मां समीक्षा शर्मा बताती है कि एकादशी में यह संस्कार उसके दादाजी विजयशंकर शर्मा के माध्यम से आए है. क्योंकि विजय शंकर शर्मा प्रतिदिन भगवान का पूजन अर्चन मंत्रोच्चार के साथ करते हैं.

जिससे एकादशी उन्हें देखकर मंत्रोच्चार तो सीखी ही साथ ही उसकी रूचि पूजन पाठ में भी बढ़ गई. दादा जी के साथ ही एकादशी के पिता अभिषेक शर्मा (बाला गुरु) महाकाल मंदिर के पुजारी हैं. जिनके कारण भी एकादशी श्रावण मास के साथ ही महाकाल मंदिर में होने वाले हर पर्व और उत्सव में जरूर जाती है।

## संपादकीय

# भारत-चीन में क्या समान दिशा?

जब तक दो टूक समस्या नहीं बताई जाएगी, आखिर यह संदेश कैसे जाएगा कि चीन ने लद्दाख क्षेत्र में जो कुछ किया है, वह दोस्ताना नहीं है। साथ ही उसके उस रुख के रहते तब 'समान दिशा' कैसे ढूंढी जा सकेगी?

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक भाषण में कहा कि जब तक भारत और चीन मिल कर काम नहीं करते, एशियाई सदी का सपना पूरा नहीं होता। लेकिन उन्होंने यह भी जोड़ा कि इस समय भारत और चीन के संबंध बहुत कठिन दौर में हैं और ऐसा 'वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन की हरकतों' की वजह से हुआ है। चीन ने तुरंत इस बयान को लपक लिया। उसने एशियाई सदी के सपने की जयशंकर की बात का समर्थन किया। और इसमें जोड़ा कि इसके लिए समान दिशा में काम करना चाहिए। चीन ने तमाम हालिया बयान में ये संकेत दिए हैं कि उसकी नजर में भारत और चीन के रिश्तों में कोई पेचीदगी नहीं है। सब कुछ सामान्य है और भारत अगर 'समान दिशा' में काम करे, तो बचे-खुचे सारे मसले दूर हो जाएंगे। यानी संबंध बेहतर करने की जिम्मेदारी वह भारत के पाले में डालता रहा है। तो उसकी अपेक्षाएं क्या हैं? संभवतः यही कि लद्दाख क्षेत्र में 2020 से जो कुछ हुआ है, भारत उसे स्वीकार कर आगे बढ़े।

अब भारत की मुश्किल यह है कि जयशंकर गाहे-बगाहे एलएसी की बात कहते हैं, लेकिन भारत सरकार का औपचारिक रुख अभी भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 19 जून 2020 को दिया वह बयान ही है 'ना कोई घुसा, ना कोई घुसा हुआ है।' रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी कह चुके हैं कि भारत ने एक इंच भी जमीन नहीं गंवाई है। तो घूम-फिर कर सवाल भारत सरकार की रणनीति और उसके मकसद पर आ जाता है। जब तक दो टूक समस्या नहीं बताई जाएगी, आखिर यह संदेश कैसे जाएगा कि चीन ने लद्दाख क्षेत्र में जो कुछ किया है, वह दोस्ताना नहीं है। साथ ही उसके उस रुख रहते 'समान दिशा' कैसे ढूंढी जा सकेगी? दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि भारत का भी बहुत बड़ा जनमत यही मानता है कि वर्तमान सरकार के दौर में चीन ने भारतीय भूमि पर कोई कब्जा नहीं जमाया है। यही धारणा चीन को सारी जिम्मेदारी भारत के पाले में डालने का मौका देती है। और जब तक ये स्थिति है, किसी समान दिशा की तलाश नामुमकिन बनी रहेगी।

# टोमैटो फ्लू के लक्षण, कारण और उपचार



**योगेश कुमार गोयल**
नजफगढ़, नई दिल्ली

विगत कुछ वर्षों से देश में नए-नए वायरस दस्तक देकर लोगों को डरा रहे हैं। कोरोना और मंकीपॉक्स के बाद अब बच्चों में टोमैटो फ्लू के मामले सामने आ रहे हैं, जिसे लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय की चिंता बढ़ गई है। भारत में पहली बार 6 मई को केरल के कोल्लम जिले में एक बच्चे में टोमैटो फ्लू की पुष्टि हुई थी और 'लांसेट' जर्नल की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक तब से केरल में इसके 82 से अधिक मामले सामने आ चुके हैं, वहीं उड़ीसा में 26 से ज्यादा बच्चे इससे बीमार हो चुके हैं। सभी बच्चों की उम्र 9 साल से कम है और यह वायरल संक्रमण अब केरल तथा उड़ीसा के अलावा तमिलनाडु और कर्नाटक में भी फैल रहा है। केरल में तो हाल के दिनों में टोमैटो फ्लू के मामलों में अचानक वृद्धि दर्ज की गई है। टोमैटो फ्लू के संबंध में विशेषज्ञों का कहना है कि आमतौर पर पांच साल तक के बच्चों को निशाना बनाने वाला यह फ्लू आंतों के वायरस के कारण है, जो वायरस से बचाव के लिए पर्याप्त प्रतिरक्षा प्रणाली होने के कारण व्यस्कों में दुर्लभ होता है। संक्रमण को लेकर प्रारंभिक रिपोर्टों में सामने आया है कि यह एक दुर्लभ प्रकार का वायरल संक्रमण है जबकि कुछ रिपोर्टों में कहा गया है कि यह रेयर इंफेक्शन है, जो डेंगू या चिकुनगुनिया के बाद हो सकता है और यह इनका साइड इफेक्ट भी हो सकता है।

हालांकि 'टोमैटो फ्लू' नाम से ऐसा लगता है, जैसे यह टमाटर खाने से होने वाली कोई बीमारी है लेकिन वास्तव में इसका टमाटर से कोई संबंध है ही नहीं। इसे टोमैटो फ्लू नाम इसीलिए दिया गया है क्योंकि इसमें शरीर पर टमाटर के आकार जैसे फफोले हो जाते हैं लेकिन अधिकांश लक्षण दूसरे वायरल इंफेक्शन जैसे ही होते हैं। टोमैटो फ्लू वास्तव में एक वायरल बीमारी है, जिसमें दस साल से कम उम्र के बच्चों को बिना निदान के बुखार का अनुभव होता है। यह बेहद संक्रामक बीमारी है लेकिन अभी इसे लेकर यह स्पष्ट नहीं है कि यह बीमारी कैसे फैलती है। हालांकि विशेषज्ञ इससे बचने के लिए बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षममता मजबूत बनाए रखना तथा हायजीन का खास ख्याल रखना जरूरी बता रहे हैं। अभी तक के अनुभवों के आधार पर विशेषज्ञों का यही कहना है कि टोमैटो फ्लू से बच्चों में जान का खतरा ज्यादा नहीं है लेकिन यह बेहद संक्रामक है। विशेषज्ञों के मुताबिक टोमैटो फ्लू एक तरह की 'हैंड, फुट एंड माउथ' वाली बीमारी है, जिसमें



हाथ, पैर और मुंह पर लक्षण दिखते हैं। बच्चों को बुखार आना और उसके बाद त्वचा पर लाल निशान पड़ना इसके प्रमुख लक्षण हैं। इसमें निर्जलीकरण के साथ-साथ हाथ, पैर और मुंह पर बड़े-बड़े दाने होने लगते हैं, जिनका रंग प्रायः टमाटर जैसा लाल होता है और चकत्तों का आकार भी धीरे-धीरे बढ़कर टमाटर जैसा हो जाता है। चिकित्सकों ने टोमैटो फ्लू के चकत्तों के दानों की तुलना मंकीपॉक्स से जबकि बुखार के लक्षणों की तुलना डेंगू, चिकनगुनिया और हाथ, पैर तथा मुंह की बीमारी से की है।

फिलहाल टोमैटो फ्लू को लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय चिंतित है और कई राज्यों को अलर्ट पर रखा गया है। इसे खतरनाक बनने से रोकने के लिए अब स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। फ्लू के अन्य मामलों की तरह यह भी संक्रामक है, जो छूने से भी फैलता है, इसीलिए स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा सलाह दी जा रही है कि आपके आसपास यदि कोई इस बीमारी से पीड़ित है तो उससे दूरी बनाकर रखें और खासकर बच्चों को ऐसे मरीज के करीब न आने दें अन्यथा बच्चा बड़ी आसानी से इसका शिकार हो सकता है। यदि आपका बच्चा टोमैटो फ्लू की चपेट में आ गया है तो उसे अलग कमरे में रखते हुए उसके निकट सम्पर्क से बचने का प्रयास करें। ऐसे मरीज को 5-7 दिनों तक आइसोलेशन में रखा जाता है। फ्लू को फैलने से रोकने के लिए संक्रमित बच्चे द्वारा उपयोग किए जाने वाले कपड़े, बर्तन तथा अन्य सामान को अलग से साफ करना बेहद जरूरी है। टोमैटो फ्लू का कोई विशिष्ट उपचार नहीं है, इसलिए इसे केवल लक्षणात्मक रूप से प्रबंधित किया जा सकता है। बच्चे को टोमैटो फ्लू हो जाने पर घर के अंदर तथा आसपास साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। बच्चे के शरीर पर लाल चकत्ते होने पर उसे खुजलाने न दें। विशेषज्ञों के मुताबिक इस बीमारी की सबसे बड़ी समस्या रोगी के शरीर में पानी की कमी हो जाना है। इसलिए शरीर में पानी की कमी को दूर करने के लिए उसे पानी, फलों का जूस, शर्बत इत्यादि पिलाते रहना बहुत जरूरी है। यदि बच्चा तरल पदार्थ नहीं ले रहा है तो ऐसे स्थिति में उसे अस्पताल में भर्ती कराकर ड्रिप लगवाना जरूरी हो जाता है।

टोमैटो फ्लू के प्रमुख लक्षणों में बच्चे को तेज बुखार, निर्जलीकरण, टोमैटो के आकार के लाल रंग के बड़े फफोले, चकत्ते, त्वचा में खराश, शरीर में दर्द, जोड़ों में सूजन, पेट में ऐंठन या दर्द, थकान, जी मिचलाना, उल्टी, दस्त, सामान्य से ज्यादा खांसी, नाक बहना इत्यादि शामिल हैं। यदि बच्चे में उपरोक्त लक्षण दिखाई दें तो बिना विलंब किए डॉक्टर से परामर्श करना चाहिए। यदि बच्चा टोमैटो फ्लू से संक्रमित हो गया है तो डॉक्टर से सम्पर्क करने के अलावा कुछ खास बातों का भी ध्यान रखना जरूरी है। चूंकि इसके बारे में अभी ज्यादा जानकारी उपलब्ध नहीं है, इसलिए बच्चे को टोमैटो फ्लू हो जाने पर कोई भी घरेलू उपाय नहीं अपनाएं अन्यथा किसी विशेषज्ञ की सलाह के बिना उठाए गए ऐसे कदम समस्या को बेहद गंभीर भी बना सकते हैं। चूंकि टोमैटो फ्लू भी चिकनगुनिया, डेंगू और हाथ, पैर तथा मुंह की बीमारी के लक्षणों के समान है, इसलिए इस संक्रामक संक्रमण का इलाज भी इन्हीं के समान माना जा रहा है। टोमैटो फ्लू की अभी तक कोई अलग से दवाई नहीं है बल्कि जो दवाई वायरल संक्रमण होने पर दी जाती है, उसी का इस्तेमाल इसके खिलाफ भी किया जा रहा है। ऐसे मरीज को अलग-थलग रहने, आराम करने तथा खूब सारे तरल पदार्थ पीने और जलन तथा रैशेज से राहत के लिए गर्म पानी के स्पंज की सलाह दी जाती है। टोमैटो फ्लू के लंबे समय तक चलने वाले प्रभाव से बचने के लिए पर्याप्त आराम बेहद जरूरी है।

# कांग्रेस के लिए फैसले की घड़ी

पिछले तीन साल से कांग्रेस पार्टी जिस असहज स्थिति को टाल रही थी वह स्थिति आ गई है। अब कांग्रेस को तय करना है कि पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन होगा? कांग्रेस को यह भी तय करना है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में उसकी क्या रणनीति होगी? उसे यह भी तय करना है कि वह लोकप्रिय विमर्श को लेकर आगे बढ़ेगी या अलोकप्रिय होने का जोखिम लेकर अपने सिद्धांतों पर चलेगी। कांग्रेस को कई और फैसले करने हैं लेकिन ये तीन चीजें सबसे मुख्य हैं। सबसे पहले अध्यक्ष, फिर सिद्धांत और तब चुनावी रणनीति। इन तीनों पर इस समय चर्चा का करने का मकसद यह है कि कांग्रेस ये तीनों फैसले करने के मुहाने पर खड़ी है। उसे अगले कुछ दिनों में ये तीनों फैसले करने हैं। कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष का फैसला तीन साल से टाल रही है। पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद राहुल गांधी ने 2019 में इस्तीफा दे दिया था। तब से सोनिया गांधी खराब सेहत के बावजूद अंतरिम अध्यक्ष के तौर पर काम कर रही हैं।

अब कांग्रेस का पूर्णकालिक अध्यक्ष चुने जाने का समय आ गया है। कांग्रेस की पिछली कार्य समिति की बैठक में तय हुआ था कि 20 अगस्त से 21 सितंबर के बीच अध्यक्ष चुना जाएगा। सो, उम्मीद करनी चाहिए कि 21 सितंबर से पहले पार्टी को नया अध्यक्ष मिल जाएगा। कांग्रेस को जो तीन फैसले करने हैं उनमें सबसे अहम यहीं है कि कौन होगा पार्टी का अध्यक्ष? राहुल गांधी की कमान में कांग्रेस ने 2018 में हुए राज्यों के चुनाव में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था। कर्नाटक में पांच साल की एंटी इन्कंबैंसी के बावजूद कांग्रेस का प्रदर्शन अच्छा था और उसने राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ तीनों राज्यों में जीत हासिल की थी। लेकिन 2019 के चुनाव में कांग्रेस बुरी तरह हारी, जिसके बाद राहुल ने इस्तीफा दे दिया। कह सकते हैं कि चुनावी प्रदर्शन के लिहाज से राहुल की अध्यक्षता में कोई कमी नहीं है। वैसे भी डीफैक्टो अध्यक्ष के रूप में वे ही काम कर रहे हैं। सो, वे अध्यक्ष बन जाएं तो कांग्रेस में पिछले कई सालों से बनी अनिश्चितता खत्म हो जाएगी। परंतु इसके दूसरे खतरे हैं। भाजपा को यह कहने का मौका मिलेगा कि कांग्रेस में अध्यक्ष पद एक परिवार के लिए आरक्षित है। ध्यान रहे पिछले 24 साल से दो साल के राहुल के कार्यकाल को छोड़ दें तो सोनिया गांधी अध्यक्ष हैं। यानी 24 साल से दो लोग अध्यक्ष हैं, जबकि भाजपा में इन 24 सालों में नौ अध्यक्ष बने हैं। इससे यह संदेश जाता है कि भाजपा में कोई भी अध्यक्ष बन सकता है, जबकि कांग्रेस में ऐसा नहीं है। इस धारणा को तोड़ने के लिए नेहरू-गांधी परिवार की जगह किसी दूसरे नेता को अध्यक्ष बनाया जा सकता है। इसका पहला फायदा ये है कि कम से कम सैद्धांतिक रूप से यह कहने का मौका मिलेगा कि कांग्रेस एक परिवार की पार्टी नहीं है। दूसरे, राहुल गांधी के ऊपर से फोकस हटेगा। अभी सत्तारूढ़ भाजपा के हमले का एकमात्र निशाना राहुल हैं, जबकि किसी और को अध्यक्ष बनाने पर एक दूसरा चेहरा भी मिलेगा, जिस पर हमले होंगे। फोकस हटने के बाद राहुल संगठन और प्रचार के काम पर बेहतर ध्यान दे पाएंगे। एक फायदा यह भी हो सकता है कि मीडिया उनको प्रधानमंत्री पद का दावेदार बनाना बंद करे। अगर नहीं बंद करे तो उनको आगे बढ़ कर यह ऐलान करना चाहिए कि वे किसी हाल में पीएम पद की रेस में नहीं हैं।

अगर नेहरू-गांधी परिवार से बाहर का कोई नेता अध्यक्ष बनता है तो क्या होगा? इंदिरा और राजीव गांधी का युग समाप्त होने के बाद परिवार से बाहर के दो लोग अध्यक्ष बने थे। पहले पीवी नरसिंह राव और फिर सीताराम केसरी। इन दोनों के साथ सोनिया गांधी का अनुभव अच्छा नहीं रहा है। दोनों ने सोनिया गांधी को हाशिए में डालने और पार्टी अपने नियंत्रण में लेने का प्रयास किया था। यह कहने में कोई हिचक नहीं है कि अगर नरसिंह राव को एक कार्यकाल और मिल जाता तो कांग्रेस पार्टी स्थायी रूप से नेहरू-गांधी परिवार के हाथ से निकल जाती। यह संयोग हुआ कि कांग्रेस चुनाव हार गई और उसके बाद सीताराम केसरी अध्यक्ष बने। उनके नियंत्रण से भी सोनिया और उनके करीबियों ने कांग्रेस को कैसे निकाला यह लंबी कहानी है। तभी परिवार में बाहरी किसी नेता को लेकर हिचक है। हालांकि तब यह स्थिति थी कि सोनिया ने कभी राजनीति नहीं की थी और राहुल व प्रियंका दोनों बच्चे थे। अब स्थिति बदल गई है। अब सोनिया व राहुल दोनों अध्यक्ष रह चुके हैं और सोनिया अपनी क्षमता से कांग्रेस को दो बार केंद्र की सत्ता में बैठा चुकी हैं। इसलिए कोई बाहरी नेता अध्यक्ष बना तब भी वह पार्टी पर कब्जा करने की नहीं सोच सकता है। इसलिए जिस तरह भाजपा में पार्टी का चाहे जो भी अध्यक्ष हो वह शीर्ष नेताओं के हिसाब से काम करता है वैसी ही स्थिति सोनिया और राहुल कांग्रेस में बना सकते हैं।

दूसरा फैसला सिद्धांत बनाम लोकप्रिय विमर्श का है। कांग्रेस शुरू से सर्वधर्म समभाव की राजनित करती रही है और इंदिरा गांधी ने संविधान की प्रस्तावना में समाजवाद और धर्मनिरपेक्ष शब्द जुड़वाए थे। अभी लोकप्रिय विमर्श पूंजीवाद को बढ़ावा देने और एक धर्म की सत्ता स्थापित करने का है। कुछ समय तक राहुल गांधी ने यह राजनीति की है। उन्होंने भी चारों धामों की यात्रा की है और जनेऊ दिखा कर अपनी जाति व गोत्र भी बताया है। इतना करने के बाद भी लेफ्ट पार्टियों के बाद कांग्रेस इकलौती बड़ी पार्टी है, जिसने गुजरात में बिलकिस बानो के बलात्कारियों की रिहाई का विरोध किया। सो, कांग्रेस अब भी मतदाताओं के मूड और अपने पारंपरिक सिद्धांतों व मान्यताओं के बीच सामंजस्य बैठाने की कोशिश कर रही है। लोकतंत्र के लिए अच्छा होगा कि देश की सबसे पुरानी और सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी चुनाव जीतने की हड़बड़ी में लोकप्रिय विमर्श को अपनाने का लोभ न पाले। उसे राष्ट्रवाद और सांप्रदायिकता के बरक्स जन सरोकार के मुद्दे उठा कर उन्हीं को राष्ट्रवाद के मुद्दों में तब्दील करना होगा। अपनी भारत जोड़ो यात्रा से पहले राहुल गांधी ने जिस तरह सिविल सोसायटी के लोगों के साथ संवाद किया वह आश्वस्त करने वाला है कि कांग्रेस भटक नहीं रही है। यह जोखिम का काम था क्योंकि सिविल सोसायटी को सोशल मीडिया में टुकड़े टुकड़े गैंग के तौर पर स्थापित किया गया है।

तीसरा फैसला अगले चुनाव की रणनीति को लेकर करना है। कांग्रेस के लोग कह सकते हैं कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बाद जैसी स्थितियां बनेंगी उसके हिसाब से यह फैसला होगा। लेकिन सवाल है कि क्या तब तक बाकी पार्टियां बैठ कर इंतजार करेंगी? अगर कांग्रेस को अपनी यात्रा के बाद ही फैसला करना है तब भी उसे देश की समान विचारधारा वाली सभी पार्टियों से संवाद करना होगा। उनकी राय लेनी होगी। अगर उन्हें कांग्रेस की कमान में अगला चुनाव लड़ने में आपत्ति है तो उस पर ईमानदारी से ध्यान देना होगा।

**-अजीत द्विवेदी-**

# संतुलित और पारंपरिक भोजन शैली का संरक्षण आवश्यक



**पुखराज प्राज**
छत्तीसगढ़

संयुक्त परिवार के छाँव तले हमारा बचपन गुजरा, जहाँ घर के वरिष्ठ हमें सिखाते की भोजन के प्रारंभ से पहले शालीनता से बैठकर भोज्य पदार्थों का प्रथम भोग प्रकृति के पंच महाभूतों को अर्पित करने की परम्परा रही है। भारतीय दर्शन के परिदृश्य से एक श्लोक का विवरण रखना चाहूंगा, जो भोजन के प्रारंभ के पूर्व कहे जाते-

**ब्रह्मार्पणं ब्रह्महविर्ब्रह्माग्नौ ब्रह्मणा हुतम्।**
**ब्रह्मैव तेन गन्तव्यं ब्रह्मकर्म समाधिना।।**

ॐ शान्ति शान्ति शान्ति।

तात्पर्य है कि जिस यज्ञ में अर्पण अर्थात स्रुवा आदि भी परम ब्रह्म है, और हवन किये जाने योग्य द्रव्य में परम ब्रह्म की उपस्थिति है। ब्रह्म रूप कर्ता के द्वारा ब्रह्म रूप अग्नि में आहुति देना रूप क्रिया भी ब्रह्म ही है। उस ब्रह्म कर्म में स्थित रहने वाला योगी द्वारा प्राप्त किये जाने योग्य फल भी ब्रह्म ही है। यह श्लोक गीता में चतुर्थ अध्याय के चौबीसवें श्लोक से उद्धृत है। हमारे भारतीय दर्शन में जीवन चक्र के संतुलन और समायोजन के लिए विविध संक्रियाएं निर्मित है। जिसमे मौसम के अनुसार फलाहार और साख ग्रहण करने की परम्परा रही है। जिसमे संकरण से उत्पन्न सब्जियों/वस्तुओं में संलिप्त दोषों के कारण उनसे पृथक्करण करना अनिवार्य बताया गया है। इन सभी नियमों की पालन भी हो रहा था। लेकिन सांस्कृतिक विस्थापन और नव संस्कृति के लिए लोगों में ग्रहण से कहीं अधिक सम्मोहन की स्थिति ने उसे दैनिक भोज्य और जीवन के नियमावली से अपने आप को शनैः-शनैः पृथक कर लिया। वर्तमान समय में भोजन केवल जीवन जीने के संसाधन के रूप में हो गया है। जहाँ अति दूषित और मन अनुरूप भोजन की परम्परा ने मनुष्य को संतुलन की अवस्था से इत्तर कर दिया है। ब्रम्ह मुहुर्त से दिनचर्या का प्रारंभ और भोजन के लिए निर्धारित समय के अवमानना कहीं ना कहीं मनुष्य के जीवन शैली में गंभीर परिवर्तन का उद्योतक है। इसके उदाहरण स्वरूप आप देखेंगे की पूर्व समय के मनुष्यों की तुलना में वर्तमान लोगों की औसत आयु घटने लगी है। कुपोषण, बेमेल भोजन संस्कृति और पर्यावरण के दोहन के कारण यह परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं।

भारतीय दर्शन में जहाँ भोजन की महत्त्व और उपयोगिता के संदर्भ में संत कबीर जी कहते हैं, %साईं इतना दीजिये, जामे कुटुंब समाये।मैं भी भूखा न रहूँ, साधू न भूखा जाए।% इस दोहे में अर्थ, भोजन और सामाजिक बंधुत्व का बोध मिलता है। ठीक ऐसे ही भोजन के करने के नियमों में पाश्चात्य संस्कृति के विपरित हमारी संस्कृति में जमीन में बैठकर हाथों से भोजन का नियम है। भोजन के ग्रहण करने के लिए हाथ का प्रयोग अनिवार्य है। वहीं भोजन करते समय की स्थिति यदि पारिवारिक समस्त सदस्यों के साथ सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में हो, तो भोजन अमृत है। क्योंकि शास्त्रों में कहा गया है जैसे खाओगे अन्न, वैसा होगा मन। कहने की तात्पर्य है की भोजन के यदि प्रकृति असंतुलन की अवस्था या अशुद्धियों से लिप्त होगा, तो निश्चित ही आपके जीवन की दिनचर्या भी वैसी ही विषयुक्त होने की प्रबल संभावना निश्चित है।

दूसरी ओर बढ़ते प्रदुषण के कारण कई विभिन्न कारक हैं जो जीवनकाल के क्षरण में सहायक है। लेकिन यदि हम ठान लें की हमारी आहार संस्कृति में पुरातन काल की भातिं निर्धारित नियमावली के अनुरूप जीवन यापन करें तो संभव है। शारीरिक क्षमताओं में सकारात्मक वृद्धि सुनिश्चित है। वर्तमान दौर में फास्ट फूड कल्चर में विदेशी भोज्य सामाग्री खासकर ऐसे जो कतई स्वास्थ्य वर्धक नहीं है।

# हिंदी में लिखने और पढ़ने में गर्व होना चाहिए



**सलिल सरोज**
नई दिल्ली

एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है बल्कि यह हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक भी है। बहुत सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ हिंदी विश्व की संभवतः सबसे वैज्ञानिक भाषा है जिसे दुनिया भर में समझने, बोलने और चाहने वाले लोग बहुत बड़ी संख्या में मौजूद हैं। यह विश्व में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है जो हमारे पारम्परिक ज्ञान, प्राचीन सभ्यता और आधुनिक प्रगति के बीच एक सेतु भी है। हिंदी भारत संघ की राजभाषा होने के साथ ही ग्यारह राज्यों और तीन संघ शासित क्षेत्रों की भी प्रमुख राजभाषा है। संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल अन्य इक्कीस भाषाओं के साथ हिंदी का एक विशेष स्थान है। भाषा का विकास उसके साहित्य पर निर्भर करता है। आज के तकनीकी के युग में विज्ञान और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में भी हिंदी में काम को बढ़ावा देना चाहिए ताकि देश की प्रगति में ग्रामीण जनसंख्या सहित सबकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके। इसके लिए यह अनिवार्य है कि हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं में तकनीकी ज्ञान से संबंधित साहित्य का सरल अनुवाद किया जाए। इसके लिए राजभाषा विभाग ने सरल हिंदी शब्दावली भी तैयार की है। राजभाषा विभाग द्वारा राष्ट्रीय ज्ञान-विज्ञान मौलिक पुस्तक लेखन योजना के द्वारा हिंदी में ज्ञान-विज्ञान की पुस्तकों के लेखन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे हमारे विद्यार्थियों को ज्ञान-विज्ञान संबंधी पुस्तकें हिंदी में उपलब्ध होंगी। हिन्दी भाषा के माध्यम से शिक्षित युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध हो सकें, इस दिशा में निरंतर प्रयास भी जरूरी है।

दुनिया तेजी से बदल रही है। इसी तरह भाषाओं का स्वरूप भी बदल रहा है। बीते कुछ समय से हिंदी का स्वरूप भी तेजी से बदला है। चाहे हिंदी साहित्य हो या आम बोलचाल की भाषा, अब नई वाली हिंदी का




चलन आ गया है। हिंदी भाषा में ऐसी बहुत सी चीज़ लिखी और पढ़ी जा रही हैं जिनके बारे में हमारे साहित्य में कभी भी कुछ नहीं था। इसमें औरतों से जुड़े मुद्दों पर औरतें खुद लिख रही हैं, मेंटल हेल्थ से जुड़े मुद्दों पर हिंदी में लिखा जा रहा है और सेक्स और रिश्तों के बारे में भी नए रिसर्च और तजुर्बे लिखे जा रहे हैं। लेकिन कई बार जब आप किसी ऐसे मुद्दे पर लिखते हैं, जहां हिंदी में पहले कभी नहीं लिखा गया है, शब्दों का एक अकाल सा महसूस होता है। इसके लिए अंग्रेजी शब्दों का प्रयोग करना पड़ता है। जो शुद्ध हिंदी पसंद करने वाले लोग हैं उन्हें हिंदी में इंग्लिश का प्रयोग रास नहीं आता। लेकिन यह भी समझना जरूरी है कि अगर भाषाओं को आपस में मिलाजुला कर काम नहीं किया गया तो कोई भी भाषा बहुत समय तक जीवित नहीं रह पाएगी। इसीलिए हिंदी वालों को भी इस बदलती हिंदी के साथ बदलना होगा और शुद्ध और प्योर की इच्छा को दरकिनार करते हुए हिंदी के इस यंग और तेजी से बदलते स्वरूप को स्वीकारना होगा।

हिंदी में कहानियां लिखने और वो भी ख़ास कर बच्चों के लिए कहानियाँ लिखने की ख़ास जरूरत इसलिए है कि तकनीक के सहारे अंग्रेजी भाषा, हिंदी भाषा से हमेशा दो कदम आगे दिखती है और यदि अभी भी हिंदी को सही सम्मान नहीं मिलेगा तो यह स्थिति और बदतर हो जाएगी। वास्तव में कहानियाँ हमारे जीवन का अभिन्न अंग रही हैं। न केवल हमारे जीवन का बल्कि मानवता का भी एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमेशा से मनुष्यों ने एक-दूसरे को कहानियां सुनाई हैं। बच्चों के लिए इन कहानियों को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में पारित किया गया है। बच्चों के लिए कहानियाँ उन्हें अच्छी आदतें और मूल्य सिखाने का एक तरीका है। बच्चों के लिए हिन्दी कहानियां बच्चों को पात्रों से जोड़ती हैं और इस प्रकार उन्हें अपनी भावनाओं को महसूस करने में सक्षम बनाती हैं। जैसे-जैसे बच्चे बच्चों की कहानियों को सुनने में रुचि लेते हैं उन्हें उन पात्रों, नैतिकताओं और उनमें प्रयुक्त शब्दों को याद करते हैं। यह उनके संस्मरण कौशल को परिष्कृत करता है। कोई भी छोटे बच्चों की कहानी न केवल बच्चों को लुभाती है बल्कि बड़ो के द्वारा भी पसंद की जाती है। अपने खाली समय में, कई युवा और वयस्क बच्चों की लघु कथाएँ पढ़ते हैं और अपने बचपन को याद करते हैं।

1949 में भारत की संविधान सभा ने हिंदी भाषा की देश की आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाया था। भारत के संविधान ने देवनागरी लिपि में लिखी हुई हिंदी भाषा को 1950 में अनुच्छेद 343 के तहत देश की आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाया था। इसके साथ-साथ भारत सरकार के स्तर पर अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओँ का औपचारिक रूप से प्रयोग किया जाने लगा। साल 1949 में 14 सितम्बर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाने लगा था। हिंदी भाषा का सम्मान करना हर भारतीय का कर्तव्य होता है। हिंदी दिवस भारत में हिंदी का विकास करने के लिए बहुत बड़े पैमाने पर मनाया जाता है। आज के समय में करोड़ों लोग हिंदी भाषा में कंप्यूटर का प्रयोग कर रहे हैं जी हिंदी के वर्चस्व के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। आज का दौर डिजिटलाईजेशन का है जिसमें भारत के गांवों को भी इससे जोड़ा जा रहा है इंटरनेट को हर कोने तक पहुंचने की पूरी कोशिश की जा रही है। इन सब के लिए हिंदी माध्यम का जरिया पूरी तरह बन गया सके इसके प्रयास लगतार जारी हैं। इन कदमों को उठाने में काफी सफलता भी हासिल हुई है। हिंदी हमारी पहचान है और इसे छिपाने की नहीं अलबत्ता उज्जागर करने की आवश्यकता है। आगामी हिंदी दिवस पर हम अपने मातृभाषा के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए दिखें, इसके प्रयास अभी से शुरू कर देने चाहिए। देश आज़ादी का अमृत उत्सव मना रहा है और अपनी मातृ भाषा के प्रति यही सच्ची सौगात होगी।


## कमाल



**पुष्पा स्वाती**
मुम्बई

तेरा हाल मिल गया है हमें अपने हाल से
हो जाता है बयां सब धड़कन की ताल से
तेरी दूरियां आंखों को अश्कों से भीगोती हैं
खो जाता है कहीं दिल यादों के ख्याल से
लहरा गई है बर्क थरथराते लबों पे
सिमट के रह गये हैं अनकहे सवाल से
अश्कों को पिरोकर यूं सांसो की डोर में
तस्बीह चल रही है धड़कन की ताल से
यूं तीरगी मिटाके ऐवान के दिल की
दीदार-ए-रुह हो गया उनके कमाल से

## अनूठा हूँ मैं !



**प्रियंका अग्निहोत्री गीत**
वाराणसी उत्तरप्रदेश

हाँ! ख़ुद से कुछ रूठा हूँ मैं
ये न समझो के टूटा हूँ मैं
तुम्हारी दौड़ में शामिल ही नहीं
क्यों कहो पीछे छूटा हूँ मैं ?
हूँ खामोश तुम्हारे ज़ुल्मों पर
बोल दूँ सच? न झूठा हूँ मैं !
मैं मुक़द्दर हूँ कई दुआओं का
ना कि कोई करम फूटा हूँ मैं
न हूँ तुमसा, तो क्या मलाल करूँ?
जब इस दुनिया से अनूठा हूँ मैं !

## मसीहा न थे



**ओमप्रकाश बिन्जवे राजसागर**
भोपाल मध्यप्रदेश

मसीहा न थे फिर भी, एजाज पाते चले गये।
हम सलीब जिंदगी का ,उठाते चले गये।
बहारों का कारवां मेरे लिये ठहरा होता ,
फूलों के शहर में अपना भी घरौंदा होता ,
शिल्पी का ठुकराया पत्थर हूँ दोस्तों ,
वरना मैं भी मंदिर का बेजुबां देवता होता ,
मन के पिंजरे में तड़फूं इधर उधर ,
हाय सैय्याद ने नोंच डाले उमंगों के पर ,
दर्द की बज़्म में हर वक्त एक सा होता है ,
बेकल है चांदनी रात उदास है दोपहर ,
उल्फ़त के तोहफ़े मुस्कुरा के रख लिये,
बहने न दिये आँसू छुपा के रख लिये ,
बागबां को अब न कोई गिला शिकवा होगा ,
तमाम कांटे दामन में सजा के रख लिये ,

## तलवे की मिठास



**राजेन्द्र लाहिरी**
पामगढ़
छत्तीसगढ़

लोग कहते हैं कि इस तरह की
बातें बकवास है,
मगर मैं दावे के साथ
कह सकता हूं कि सबसे ज्यादा
तलवे में मिठास है,
ये मैं साबित कर सकता हूं
क्योंकि ये विज्ञान द्वार प्रमाणित सच है,
और दुनिया में पाए जाने वाले
सभी रसों में से ये
सर्वश्रेष्ठ मीठा रस है,
किसी को डायबिटीज नहीं होता,
शायद इसीलिए चांटा जाने वाला
इससे बढ़िया कोई चीज नहीं होता,
तलवा चांटे जाने का
इतिहास बहुत पुराना है,
इसी पुन्य कर्म की वजह से
टिका हुआ जमाना है,
हर काल में कुछ लोगों ने तलवा चांटा है,
किसी को जहां मिला,किसी को घर,
तो बहुतों ने ऐसा करके
वतन को बांटा है,
कुछ लोगों में तलवा चाटने की
खानदानी परंपरा पायी जाती है,
तलवा चाटते हुए कुछ समय में,
खुद को की साख बनाई
तो खानदान की इज्ज़त बढ़ाई जाती है,
यदि पद पाना हो तो तलवा चाटिए,
मुफ्त खाना हो तो तलवा चाटिए,
बेसुरे होकर भी गाना हो तो तलवा चाटिए,
झूठी देशभक्ति दिखाना हो तो
तलवा चाटिए,
कहने का मतलब ये कि
कहीं भी,कभी भी
तलवा चाटा जा सकता है,
अब किसका तलवा चाटना है ये
थोड़े दिमाग लगाकर
छांटा जा सकता है,
तो बंधुगण आगे आइये,
इस संस्कृति को शान से
आगे बढ़ाइए, आगे बढ़ाइए।

## कविराज



**अशोक कुमार यादव**
मुंगेली,छत्तीसगढ़।

प्रिय से फुलवारी में मिलकर
प्रेम की वर्षा,
अद्भुत आनंद की
अनुभूति करता रसराज।
एकांत में किसी दिन
डूब जाता गहरी सोच,
शब्द जाल फैला
काव्य लिखता कविराज।।
भावों को अभिसिंचित
अभिव्यक्ति देकर,
बनता हूं रचनात्मक
क्रान्तदर्शी महाकवि।
जाता कहीं भी
कल्पनाओं की उड़ान भर,
घोर अंधकार को
उजाला करता मैं हूं रवि।
गगन से उतार देता हूं
जमीन पर चांद को,मैं बनाकर
विश्वसुंदरी,मनमोहिनी,अप्सरा।
टिमटिमाते तारों से
जड़ित अंग आभूषण,
नील परिधान से
सुसज्जित लगती सुंदरा।।
छंदों में बंध कर
नाचती अपनी नृत्यशैली,
अलंकारों से बढ़ता
रूपवती वनिता शोभा।
गुण विशिष्टता से
परिपूर्ण कविता की रानी,
नव शब्दशक्ति से
फैलाती चहुंओर आभा।।
रुप यौवन की रोशनी
मुझ पर हुई आभासी,
समा गई दिलदार
दिल मुझे करके दीवाना।
उनसे बात करता हूं
अकेले में चुपके-चुपके,
मुझे प्रेमी कवि
कहता है यह सारा जमाना।।

## जीवन-मृत्यु



**राजीव डोगरा**
कांगड़ा
हिमाचल प्रदेश

जीवन मृत्यु का भेद
तुमको कुछ बतलाऊंगा।
हो सका तो तुमको
सच्चा जीवन निर्वाह सिखलाऊंगा।
क्षणभर का जीवन
क्षणभर की मृत्यु
फिर भी
तुमको कुछ बतलाऊंगा।
भेदभाव की नीव
जो रखी तुमनें
उसको भी एक दिन मिटाऊंगा।
धर्म के नाम पर
अधर्म तुम करते हो
धर्म की परिभाषा भी तुम
अपनी मर्जी से बदलते हो,
तुमको सच्चा धर्म
एक दिन जरूर सिखलाऊंगा।

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# वीरभद्र सिंह मामले में परिजनों की मंशानुरूप जांच हो:अमित जोगी

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर, 26 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** जनपद पंचायत लूंड्रा के उपाध्यक्ष स्व. वीरभद्र सिंह देव (सचिन बाबा) के चंदनपान कार्यक्रम में धौरपुर पैलेस पहुंचे जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जोगी के अध्यक्ष व पूर्व विधायक अमित जोगी ने परिजनों से भेंट के दौरान पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। जोगी ने मृतक के पिता सोमेश्वर प्रताप सिंह देव समेत परिजनों का ढाढ़स बंधाते हुए सचिन बाबा के मृत्यु की जांच की मांग पर अपनी तरफ से हरसंभव कोशिश का वचन दिया। सचिन बाबा का शव बेलगहना के समीप 12 अगस्त को पाया गया था, ज्ञात हो कि वे 11 अगस्त को अंबिकापुर दुर्ग एक्सप्रेस से अंबिकापुर आ रहे थे। परिजनों से ढाई घंटे की लंबी चर्चा के पश्चात्



श्री जोगी ने परिजनों की मांग को जरूरत पड़ने पर विधानसभा में और विधानसभा के बाहर भी आवाज उठाने की बात कही। जोगी के मुताबिक जांच में गत वर्ष की घटना (रामानुजगंज विधायक वृहस्पति सिंह विवाद) को भी शामिल किया जाना चाहिए और उस घटना की प्रमाणिकता की भी जांच होनी चाहिए। जोगी रायपुर पहुंच कर जिम्मेदार जनों (छत्तीसगढ़ सरकार और पुलिस) का ध्यान आकृष्ट कराएंगे और परिजनों की मंशानुरूप जांच की मांग करेंगे।स्व. वीरभद्र सिंह (सचिन बाबा) के परिजनों की मंशा या तो सीबीआई जांच या फिर उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीश की अगुवाई में न्यायिक जांच है।

परिजनों में सोमेश्वर प्रताप सिंह, रामेश्वर प्रताप सिंह, नर्मदेश्वर प्रताप सिंह, मार्तण्ड प्रताप सिंह व राजेश सिंह सिसोदिया (नंगे पांव) थे। अमित जोगी के साथ संभाग के जकांछ नेताद्वय अतुल सिंह, सुखू यादव, शिवचरण पांडेय, आलोक शुक्ला व पेंड्रा से सरदार बलजीत सिंह व लॉजर जॉन धौरपुर पैलेस गये थे।



# नशीली टेबलेट के साथ दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर, 26 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** कोतवाली पुलिस द्वारा नशीली दवा के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आपको शहर के मरीन ड्राइव के पास नशीली दवा बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस को शुक्रवार को मुखबीर से जानकारी मिली की शहर के मरीन ड्राइव के पास दो संदेही नशीली दवा बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रही है। सूचना पर कोतवाली प्रभारी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर दोनों संदेशों को हिरासत में लेकर तलाशी ली गई। इनके कब्जे से 540 नग अवैध नशीली टेबलेट गाया गया। पुलिस ने इसे जब्त कर आरोपी अभिषेक बारी एवं यश बरवा निवासी अंबिकापुर को गिरफ्तार कर इनके खिलाफ एनडीपीएस के तहत कार्रवाई कर दिया दाखिल कर दी गई है। सम्पूर्ण कार्रवाई में निरीक्षक भारद्वाज सिंह, उप निरीक्षक सुरजन पोर्ते, आरक्षक जयदीप सिंह, रुपेश महंत, शिव राजवाड़े, कुंदन सिंह, धीरज सिंह शामिल रहे।

### बौरीपारा के हीरा हार्डवेयर गली में

# बड़ी नाली निर्माण की कवायद शुरू

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर, 26 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** स्वाथ्यमंत्री टीएस सिंह देव के निर्देश के बाद बौरीपारा के हीरा हार्डवेयर गली में बड़ी नाली निर्माण की कवायद शुरू हो गयी है। नगरनिगम के निर्माण विभाग का अमला पानी के बहाव के अनुरूप नाली बनाने के लिए सर्वे शुरू कर दिया है। हीरा हार्डवेयर गली में बरसात का पानी घरों में घुस जाता है।बुधवार की रात हुई मूसलाधार बारिश के चलते 40 से ज्यादा घरों में पानी भर गया।कई घरों के बर्तन और अन्य सामान बहने लगे। जल भराव की स्थिति का जायजा लेने पहुंचे स्वस्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव,श्रम कल्याण मण्डल अध्यक्ष शफी अहमद,महापौर डॉ अजय तिर्की को वार्ड के छाया पार्षद रजनीश सिंह और वार्ड के लोगो ने वस्तुस्थिति से अवगत करा बड़ी नाली बनवाने की मांग की थी।स्वस्थ्य मंत्री सिंह देव ने इसके लिए 10 लाख रुपये अपने मद से देने की घोषणा कर जल्द काम शुरू कराने कहा था। उनके निर्देश के बाद आज निगम की टीम ने सर्वे कर प्राकलन तैयार करने का कम शुरू कर दिया।स्वस्थ्य मंत्री ने वार्डवासियों की मांग पर सामुदायिक भवन में स्वस्थ्य केंद्र खोलने का आश्वासन दिया है।इस दौरान संतोष सिंह, अरुण सिंह, मनीष सिंह, विजय गुप्ता, आकाश गुप्ता,एकलव्य सिंह, प्रिंस जायसवाल, राहुल तिवारी, सत्यम पांडेय, आयुष सोनी, जिशान खान, वैभव पांडेय, सिद्धार्थ सिंह मौजूद थे।

# दादी रानी सती के जयकारों के साथ निकली गई शोभायात्रा

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर, 26 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी दादी मंदिर सत्तीपारा अम्बिकापुर में तीन दिवसीय उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। शुक्रवार को शहर में शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान भारी संख्या में महिलाओं द्वारा निशान लेकर दादी रानी सती के जयकारों के साथ चल रहे थे। शोभा यात्रा के दौरान विशेष झांकी मां दुर्गा अपने शेर के सांथ महिशासुर का बध करते हुए निकली गई। शोभा यात्रा डिपो मंदिर से अग्रसेन चौक, जयस्तंभ चौक होते हुए दादी मंदिर सत्तीपारा में सम्पन्न किया गया। इसके पश्चात सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। दादी महिला मण्डली की अध्यक्ष राजरानी अग्रवाल ने बताया कि मंदिर में तीन दिवसीय



कार्यक्रम धूम-धाम से मनाया जा रहा है जिसमें शनिवार को प्रातः 11 बजे प्रशिद्ध गायक अमित शर्मा एवं गायिका शीतल शर्मा कोलकत्ता द्वारा विशेष झांकियों सहित महा-मंगल पाठ का गायन किया जाएगा। सभी भक्तों को कार्यक्रम में रहने निवेदन किया गया है।

समस्त कार्यक्रम महिलाओं द्वारा आयोजित जिसमें भावना-आस्था-विश्वास एवम लगन का संगम है। मंगल पाठ ,सवामनी , दादी का छप्पन भोग,चुनरी उत्सव सभी कार्यक्रम सम्पन्न किये जायेंगे एवम तीन माह बाद विशाल रूप से दादी राणी सती का छठवाँ वार्षिक उत्सव मनाया जाएगा।

# एग्रोवेट पशुपालन में बनेंगे सहायक





-संवाददाता-
**अम्बिकापुर, 26 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार एवं जिला सीईओ सर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के पशु सखियों को उच्च प्रशिक्षण देकर एग्रोवेट के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा है इस प्रशिक्षण से पशु सखी एग्रोवेट के रूप में पशु टीकाकरण व आधारभूत बीमारी प्रबंधन की जानकारी ले रहे हैं। पहले चरण में एक माह के प्रयोग के बाद पुनः प्रशिक्षण लेंगे और फिर किट ले कर फील्ड में पशु चिकित्सा विभाग के एक चैन के तौर पर काम करेंगे। पहले चरण में तीन विकासखण्ड में कुल 28 पशु सखियों का चिन्हांकन किया गया एवं उन्हें 10 दिवसीय बकरी, मुर्गी, गाय पालन, आवास प्रबंधन पर पशु चिकित्सा विभाग के विषय विशेषज्ञ डॉ सीके मिश्रा, डॉ अजय अग्रवाल और डॉ चंदेल द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। क्षमता संवर्धन में जिला पंचायत से डीएमएम नीरज नामदेव, डीपीएम सुभाष मिश्रा, डीपीएम राहुल मिश्रा द्वारा प्रशिक्षण पशु आवास, पशु पोषण, पशु रोग, पशु उपचार और कृत्रिम गर्भाधान के सम्बन्ध मे विस्तृत जानकारी दिया गया।

वर्तमान में प्रशिक्षित पशु सखियों को अपने-अपने क्षेत्र के पशु चिकित्सा विभाग के चिकित्सक व सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के सहयोग से आधारभूत बीमारी प्रबंधन, पशु टीकाकरण एवं न्यूट्रीशियन प्रबंधन की जानकारी दी जा रही हैं।

# ज्यादा समय तक लेपटॉप व मोबाईल का उपयोग करने से लोग हो रहे स्लीप एपेनिया के शिकार





-संवाददाता-
**अम्बिकापुर, 26 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** इस भागदौड़ की जिंदगी में लोग अपनी सेहतों का ख्याल भी रखना भूल रहे हैं। इन्ही सभी बातों का ध्यान में रखते हुए आज अंबिकापुर के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में स्लीप एपेनिया (खराटे) सेमिनार का आयोजन किया गया। दरअसल अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को इस समय होने वाले स्लीप एपेनिया बीमारी जो खराटे से संबंधित है। इसका खासा असर युवाओं में ज्यादातर देखने को मिल रहा है क्योंकि लाइफ स्टाइल में बदलाव आने के बाद इसका प्रभाव देखा जा रहा है। जैसे ज्यादा समय तक लेपटॉप पर काम करना, सोते हुए मोबाईल का उपयोग करना ऐसी कई बातें है जो स्लीप एपेनिया का शिकार स्टूडेंट्स को बना रही हैं। इसी को देखते हुए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज के स्टूडेंट रहे डॉक्टर बी बाला कृष्ण ने सेमिनार के माध्यम से स्टूडेंट्स को होने वाली परेशानियों से अवगत कराया साथ ही इन बीमारियों से बचा जा सके इन सभी बातों को भी बताया गया।

# पुरातन ज्ञान को प्रमाणिकता के दायरे में लाकर समाज के अधिकाधिक लोगों तक पहुंचाना होगा:श्री सिंहदेव

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर, 26 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री टीएस सिंहदेव के मुख्य आतिथ्य में शुक्रवार को वन विकास निगम के काष्ठागर परिसर अम्बिकापुर में औषधीय पौधों का निःशुल्क वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ आदिवासी स्वास्थ्य परंपरा एवं वनौषधि पादप बोर्ड एवं वन विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा होम हर्बल गार्डन के तहत घर-घर निःशुल्क औषधीय पौधों के वितरण हेतु वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस वाहन के द्वारा जिले में करीब 30 हजार औषधीय पौधों का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। इसके तहत लोगों को निःशुल्क गिलोय, अश्वगंधा, सतावर, स्टीविया, निरगुंडी, ब्राम्ही आदि पौधे मिलेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से अनेक वैद्य भी पहुंचे थे ।




कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री श्री सिंहदेव ने कहा कि औषधीय पौधों से विभिन्न तकलीफों का ईलाज करने की पुरातन ज्ञान को सहेज कर रखने तथा उस ज्ञान को प्रमाणिकता के दायरे में लाकर समाज के अधिकाधिक लोगों को फायदा पहुंचाना होगा। छत्तीसगढ़ में जड़ी-बूटियों की प्रचुर भंडार है जिसे सहेजने और संरक्षित करने का काम राज्य शासन द्वारा वनौषधि पादप बोर्ड के माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्राचीन समय से वैद्य परंपरा चली आ रही है जो औषधीय पौधों के उपयोग व अपने ज्ञान और अनुभव के आधार पर मनुष्य का ईलाज कर रहे है। वैद्यों को भी पहचान व सम्मान दिलाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वनौषधि पादप एक तरफ लोगों के उपचार में सहायक है तो दूसरी ओर इसकी खेती से तेजी से आय में बढ़ोत्तरी होगी।

छत्तीसगढ़ मेडिकल कारपोरेशन के अध्यक्ष व लुण्ड्रा विधायक डॉ प्रीतम राम ने कहा कि हर क्षेत्र में ज्ञान आवश्यक है। ज्ञान से ही पुरातन पद्धति आज पर्यन्त जारी है। उन्होंने कहा कि विगत वर्षा से घर-घर में औषधीय पौधों का वितरण हो रहा है। आने वाले समय मे हमारे घर आंगन में औषधीय पौधे रहेंगे तो उसका उपयोग आसानी से कर पाएंगे। छत्तीसगढ़ आदिवासी स्वास्थ्य परंपरा एवं वनौषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष श्री बालकृष्ण पाठक ने कहा कि होम हर्बल गार्डन योजना के तहत अब तक प्रदेश में करीब एक करोड़ पौधों का वितरण किया गया है। औषधीय पौधों में हजारों गुण होते है। भले ही शरीर में इसके फायदे धीरे से होता है लेकिन कोई नुकसान भी नहीं होता। साइड इफेक्ट नहीं होता। उन्होंने कहा कि औषधीय पौधों के संरक्षण व संवर्धन के लिए वनौषधि का कृषिकरण के लिए बोर्ड द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना के तहत किसानों को वृक्षारोपण कर शासन की योजना का लाभ लेने प्रोत्साहित किया जा रहा है। औषधीय पौधों की खेती में समय, लागत व मेहनत कम लगती है जबकि फायदा अधिक मिलता है।






# खाद्य मंत्री श्री भगत ने कुनिया गोठान में रोपा आम का पौधा

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर, 26 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री अमरजीत भगत ने शुक्रवार को मैनपाट जनपद के कुनिया गोठान में मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने गोठान में आम के पौधे का रोपण किया। इसके साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधि व राजीव युवा मितान क्लब के युवाओं और ग्रामवासियों ने भी गोठान में वृक्षारोपण किया।



इस अवसर पर मंत्री श्री भगत ने उपस्थित ग्रामीणों की समस्या सुनकर उनके निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने बारिश राशन दुकानों से राशन की उपलब्धता तथा बिजली की समस्या की भी जानकारी ली। इसके पश्चात मंत्री श्री भगत ने ग्राम पैगा के भू स्खलन क्षेत्र का भ्रमण कर प्रभावित क्षेत्र का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को भूस्खलन से हुई क्षति का आंकलन कर नियमानुसार मुआवजा राशि स्वीकृत करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात हाथी प्रभावित क्षेत्र बरडांड का भी दौरा कर प्रभावितां से भेंट कर उनकी समस्या से अवगत हुए और मुआवजा राशि हेतु प्रकरण तैयार करने अधिकारियों को निर्देशित किया।

इसके पूर्व मंत्री श्री भगत ने माँ महामाया हवाई अड्डा के उन्नयन कार्य का भी निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों व ठेकेदार को तीव्र गति से निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान गौसेवा आयोग के सदस्य श्री अटल यादव, एसडीएम श्री अनमोल टोप्पो, जनपद सीईओ श्री जयगोविंद गुप्ता, श्री गणेश सोनी, श्री लक्ष्मी गुप्ता, बलराम यादव, नागेश्वर यादव सहित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# अनुभाग स्तरीय आपदा नियंत्रण कक्ष स्थापित

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर, 26 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** अनुभागीय अधिकारी राजस्व श्री प्रदीप साहू ने बताया है कि जिले के तहसील अम्बिकापुर एवं दरिमा में अतिवृष्टि, बाढ़ आदि से होने वाली जन-धन की हानि पर निगरानी रखने के लिए अनुभाग स्तरीय आपदा नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। आपदा नियंत्रण कक्ष का मोबाईल नंबर 96697 25890 है। इस नंबर पर अम्बिकापुर एवं दरिमा तहसील में बाढ़ या अतिवृष्टि से हुई क्षति की जानकारी दी जा सकती है।नियंत्रण कक्ष में सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक कोटवार श्री सुरेश मोबा. नं- 8225873740, श्री हीरालाल मोबा. नं- 9365089952 व श्री मुन्ना दास मोबा. नं- 7354173590 की ड्यूटी लगाई गई है। दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक कोटवार श्री अर्जुन दास 9753659534, श्री सीता राम व हीराधन की ड्यूटी लगाई गई है। रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक कोटवार श्री मनबोध मोबा. नं.- 9977084136, श्री श्यामलाल मोबा. नं- 7879027831 तथा श्री कबीर मोबा नं- 8463877335 की ड्यूटी लगाई गई है।

# आईजी सरगुजा ने जिला सूरजपुर का किया वार्षिक निरीक्षण

-संवाददाता-
सूरजपुर , 26 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।
सरगुजा रेंज के आईजी श्री अजय कुमार यादव ने शुक्रवार, 26 अगस्त को सूरजपुर जिले का वार्षिक निरीक्षण किया। आईजी ने पुलिस लाइन में परेड देखी तथा पुलिस अधिकारी-कर्मचारी सम्मेलन का आयोजन कर जवानों की समस्याएं भी सुनी। पुलिस अधीक्षक कार्यालय सहित थानों के कार्यो पर संतुष्टि जाहिर करते हुए कार्यो को संतोषजनक बताया।

आईजी श्री अजय कुमार यादव ने सर्वप्रथम पुलिस लाईन में आयोजित परेड़ का निरीक्षण किया गया। इसके अंतर्गत उन्होंने किट-परेड, शस्त्र कवायद, बलवा ड्रिल का जायजा लिया एवं वाहनों का रख-रखाव को देखा। अच्छा परेड कमांड करने, वेशभूषा, किट एवं वाहनों के रख-रखाव बेहतर पाए जाने पर अधिकारी-कर्मचारियों को पुरस्कृत किया। पुलिस लाईन के शस्त्रागार इसके पश्चात् पुलिस की परम्परानुसार आयोजित की जाने वाली पुलिस अधिकारी-कर्मचारी सम्मेलन का आयोजन किया जहां पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने अपने पदस्थापना के दौरान चलाये गये अभियान व कार्यवाहियों के बारे में जानकारी दी।

सम्मेलन में आईजी सरगुजा श्री अजय कुमार यादव ने कहा कि आधुनिकता के साथ अपडेट रहकर उसके अनुरूप सजग रहकर कार्य करें, थाने में फरियादी के आने पर उनसे अच्छा व्यवहार करें, समझे कि वह आपके परिजन है। पुलिस को प्राप्त शक्तियों का दुरूपयोग न कर उसका सदउपयोग करने कहा, उन्होंनें जनता से मधुर संबंध बनाने हेतु कार्य करने, पुराने लंबित मामलों का शीघ्र निकाल करने, स्मार्ट पुलिसिंग के तहत किए जा रहे सीसीटीएनएस योजना में सभी मामले की जानकारी अपलोड शीघ्र कराने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारी कर्मचारी को कहा कि आगे भविष्य के लिए छोटी-छोटी रकम जमा करते रहे ताकि जरूरत के वक्त काम आए, अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाए और परिजनों एवं खुद के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। इस दौरान उन्होंने जवानों की समस्याएं सुनी और निराकरण किया।

## अपराधियों में पुलिस का खौफ दिखनी चाहिए



» आधुनिकता के साथ अपडेट रहकर उसके अनुरूप कार्य करने के दिए निर्देश।
» जवानों की समस्या को जाना और किया निराकरण।
» जिले के कार्यो,अपराध निकाल पर जताया संतोष।

आईजी श्री अजय कुमार यादव ने पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू की मौजूदगी में जिला पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में जिले राजपत्रित अधिकारियों व थाना-चौकी प्रभारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि संज्ञेय अपराध की सूचना पर एफआईआर दर्ज करने में कोताही ना बरते, अपराधों की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाकर कार्य किए जाए, फरियादी के थाना आने पर उनसे शालिनतापूर्वक समस्याओं को पूछे और निराकरण करें इससे पुलिस और जनता के बीच दूरिया कम होगी। सिस्टम से काम करें, थाना के कार्यो का प्रतिदिन आंकलन करें कि सभी कार्य समय पर हो रहे है अथवा नहीं, जहां कमजोर स्थिति दिख रही हो वहां कसावट लाए और कार्य को शत-प्रतिशत पूरा कराए, पास्को एवं महिला संबंधी अपराधों की विवेचना 60 दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण कर चालान पेश करने, लंबित मामलों का जल्द निराकरण करने पर जोर दिया। उन्होंने सख्त लफ्जों में कहा कि अवैध कारोबार पर पूर्णतः अंकुश लगाए, जुआ-शराब व नशे के कारोबार पर सख्ती से कार्यवाही करें, अपराधियों में पुलिस का खौफ दिखनी चाहिए। कार्य में लापरवाही पर दंडित तथा अच्छे कार्यो पर पुरस्कृत होंगे।

## घटना-दुर्घटना पर फौरन हो पुलिस का रिस्पांश

आईजी ने प्रभारियों को कहा कि घटना/हादसों की सूचना पर पुलिस का रिस्पांश फौरन होनी चाहिए, सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचे और राहत व बचाव के कार्य करें, अपराधियों की धरपकड़ तत्परता के साथ करें, सड़क दुर्घटना होने पर घटना स्थल पर जाए और आई-रेड के सर्वर में घटना की पूरी जानकारी अपलोड करें, वार्षिक निरीक्षण के क्रम में आईजी सरगुजा ने जिला पुलिस कार्यालय, थाना सूरजपुर व थाना जयनगर का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समस्त रिकार्ड का संधारण बेहतर पाया शाखा प्रभारियों को सदैव रिकार्ड अपडेट रखने के निर्देश दिए। थानों के निरीक्षण में से लंबित मामलों एवं फरार आरोपियों की जानकारी ली। चिटफंड के लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए। सीसीटीएनएस ऑपरेटर आरक्षकों से उनके कार्यो के बारे में अपडेट लिया। थाना भवन व परिसर के साफ-सफाई पर संतोष जताया।

इस दौरान डीएसपी मुख्यालय नंदिनी ठाकुर, सीएसपी जे.पी.भारतेन्दु, एसडीओपी सूरजपुर गीता वाघवानी, एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह, एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी, एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, डीएसपी अजाक पी.डी.कुजूर, प्रशिक्षु डीएसपी दीपमाला कुर्रे, रक्षित निरीक्षक भुपेन्द्र कुर्रे, आईजी स्टेनो पुष्पेन्द्र शर्मा, रीडर सुभाष गुप्ता, जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारी व जिला पुलिस कार्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में माता विंध्यवासिनी के जन्म उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे कोरिया के कांग्रेसी

» माता रानी के दर्शन कर देश प्रदेश के खुशहाल होने एवं छग मुख्यमंत्री के स्वस्थ एवं दीर्घायु रहने हेतु कि कामना

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर 26 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।
उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में गंगा नदी के तट पर विराजमान आदिशक्ति माता विंध्यवासिनी मां काली और माता अष्टभुजा के त्रिकोण दर्शन करने के लिए बीते दिवस छत्तीसगढ़ के खाद्य प्रसंस्करण एवं सांस्कृतिक मंत्री अमरजीत भगत परिवार सहित मंदिर प्रांगण में चल रहे मातारानी के भव्य जन्म उत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि वहां पहुंचे थे, जिसमें देश प्रदेश की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना करते हुए माता रानी से छग के मुख्यमंत्री के स्वस्थ रहने और दीर्घायु होने कि कामना की, सनद रहे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जन्म के दिन अपने समर्थकों के साथ खाद्य मंत्री अमरजीत भगत पहुंचे मंदिर प्रांगण में ही स्थानीय लोगों ने भेंट मुलाकात कर हालचाल जाना एवं देश प्रदेश की समृद्धि की कामना करते हुए सभी को शुभकामनाएं दी।

विदित हो कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के खाद्य प्रसंस्करण एवं सांस्कृतिक मंत्री अमरजीत भगत बीते दिवस रायपुर से हवाई मार्ग से उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर पहुंचे थे बताया जाता है कि मिर्जापुर के मां विंध्यवासिनी मंदिर में चल रहे एक कार्यक्रम में उन्हें बतौर मुख्य अतिथि बुलाया गया था इस दौरान क्षेत्रीय विधायक भी मौजूद थे मंदिर प्रांगण में अपने उद्बोधन में श्री भगत ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मिर्जापुर के इस पावन धारा पर विंध्य पर्वत पर बसी मां विंध्यवासिनी के दरबार में मुझे आने का अवसर प्रदान किया है मां विंध्यवासिनी की महिमा अपरम्पार है सच्चे मन से किए गए दर्शन मात्र से भक्तों के सारे कष्ट मिट जाते हैं और उन्हें परम शांति की अनुभूति होती है लौकिक और अलौकिक दोनों लोकों का सुख मिल जाता हैं आदिशक्ति मा विंध्यवासिनी अपने भक्तों को लक्ष्मी के रूप में दर्शन देती हैं तो वही पूरे क्षेत्र में अलग-अलग कोणों पर सुर का वध करने के वाली माता काली कंस के हांथ से छूटकर महामाया अष्टभुजा माता सरस्वती के रूप में त्रिकोण पथ पर विराजमान हैं श्री भगत ने अपने उद्बोधन में कहा कि इनकी महिमा का धर्म ग्रंथों में तो उल्लेख मिलता ही है साथ ही श्रद्धालु की मां के इस स्वरूप को बनते हैं कहते हैं कि इस द्वार से कोई खाली हाथ नहीं गया है इसी उम्मीद से मैं भी मां के इस दरबार में अर्जी दाखिल करने आया हूं। अपने अल्प समय के इस कार्यक्रम में मंत्री ने मिर्जापुर स्थित अष्टभुजा विश्राम गृह में स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की संगठन चुनाव पर बड़े विस्तार से चर्चा की कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार करने के लिए कई टिप्स दिए अधिक से अधिक सदस्यों को जोड़ने का आह्वान किया, पिछले विधानसभा चुनाव में मंत्री अमरजीत भगत इस पूरे इलाके के प्रभारी रहे हैं जिनका संपर्क कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं से डायरेक्ट रहा है सड़क मार्ग से अंबिकापुर वापस जाने के दौरान राबर्ट्सगंज ओबरा चोपन बभनी सहित अन्य स्थानों पर कार्यकर्ताओं से रूबरू होने उनके घरों में पहुंचकर आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए कमर कस लेने का आग्रह किया एवं उत्साह का सृजन किया है। इस दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश से उनके उक्त भव्य कार्यक्रम में उनके साथ निजी सचिव शिवपूजन अग्रहरी, राजेश वर्मा, प्रमोद सिंह, राजेश्वर श्रीवास्तव, निलज त्रिपाठी, शोएब अख्तर, संदीप जयसवाल, अमर शर्मा, नितिन देवांगन सहित दर्जनों लोग मंत्री श्री भगत के साथ माता रानी के दर्शन के लिए पहुंचे थे।



# सरगुजा संभाग के दौरे पर पहुचे प्रदेश साहू युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष आनंद साहू व संगठन महामंत्री प्रेमकिशन

प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन को मजबूती दिलाने का दिया निर्देश।

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर 26 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।
साहू समाज को सबसे संगठित समाज माना जाता है इसे संगठित करने में समाज का पदाधिकारी और सदस्य अपना-अपना योगदान देता है। इसी योगदान में छत्तीसगढ़ साहू समाज का साहू युवा प्रकोष्ठ का भी बड़ा योगदान है। साहू समाज युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष आनंद साहू और प्रदेश संगठन महामंत्री प्रेमकिशन साहू प्रदेश के दौरे पर निकल पड़े हैं। प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष टहल साहू, तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष संदीप साहू और समाजसेवी दीपक ताराचंद साहू के निर्देशन और मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ में दौरा जारी है।

अपने दौरे के तीसरे चरण में सरगुजा संभाग के जिलों का दौरा किया। संभाग के जिलों में साहू समाज के पदाधिकारियों की बैठक ली। साहू समाज के युवाओं को संगठन से जोड़ने की दिशा में निर्देश दिए। इसके अलावा आनंद ने समाज की भावी कार्ययोजना के बारे में जानकारी दी। संभागीय दौरा के दौरान प्रदेश एवं सरगुजा संभाग के अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर प्रदेश अध्यक्ष आनंद साहू, प्रदेश संगठन महामंत्री इंजी. प्रेम किशन साहू ने अम्बिकापुर और कोरिया जिले का दौरा कर सामाजिक पदाधिकारियों से भेंट मुलाकात कर संगठन विस्तार पर चर्चा की। बैकुंठपुर(कोरिया) में भेंट मुलाकात चर्चा के दौरान साथ मे कोरिया जिला अध्यक्ष अरुण साहू, सरगुजा संभाग युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष कमलकांत साहू बैकुंठपुर (कोरिया) जिला अध्यक्ष सत्यम साहू साहू युवा प्रकोष्ट कोरिया जिला संगठन सचिव सुरेश साहू, मनीष साहू, पटना तहसील अध्यक्ष राजेश साहू, तहसील उपाध्यक्ष संजय साहू राजेश साहू (कसरा)उपस्थित थे।

## कोरिया जिले का दौरा कर सामाजिक पदाधिकारियों से की मुलाकात

अंबिकापुर में प्रदेश अध्यक्ष आनंद साहू, प्रदेश संगठन महामंत्री इंजी. प्रेम किशन साहू ने




अम्बिकापुर और कोरिया जिले का दौरा कर सामाजिक पदादिकारियों से भेंट-मुलाकात की। संगठन विस्तार पर चर्चा की गई। अम्बिकापुर में भेंट मुलाकात चर्चा के दौरान साथ मे सरगुजा संभाग अध्यक्ष कमलकांत साहू, अम्बिकापुर जिला अध्यक्ष निखिल गुप्ता, जगदीश प्रसाद गुप्ता, हरि नारायण गुप्ता, विकास साहू, अविनाश गुप्ता, सक्षम गुप्ता, प्रियांशु गुप्ता, शिवम गुप्ता, आशीष गुप्ता, सूरज गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता, अमन गुप्ता समेत अन्य मौजूद रहें।

# वरिष्ठ जन विरासत में सब कुछ छोड़ कर जाते हैं परंतु उनका अनुभव व सिखाया सदैव साथ रहता है :अंबिका सिंहदेव

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर 26 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।
वरिष्ठ नागरिक दिवस पर आयोजित वर्चुलर कार्यक्रम को संसदीय सचिव एवं बैकुंठपुर विधायक अंबिका सिंहदेव ने संम्बोधित करते हुए कहा की एक कम सक्रिय बुजुर्ग घर के सभी सदस्यों को भावनात्मक सुरक्षा देकर एक कड़ी में पिरोए रखने में सहायक होता है, वृद्धों के साथ सम्मानजनक व्यवहार न करना पूर्णतः अनैतिक है। इसीलिए हमें उनका महत्व समझते हुए उनका सम्मान करना चाहिए और उनकी सेवा करनी चाहिए। उनकी उपस्थिति तथा मार्गदर्शन परिवार और समाज दोनों के लिए कल्याणकारी है। यदि आज हम उनका सम्मान करेंगे, तभी हम अपनी आने बाली पीढ़ी से सम्मान पाने के अधिकारी होंगे। हमारे अपने वरिष्ठ जन विरासत में सब कुछ छोड़ कर जाते हैं परंतु उनका अनुभव व सिखाया अपने साथ रहता है आगे कहा कि बड़ों बुजुर्गों के अनुभव ही युवाओं और बच्चो को आगे लेके जाते है और बुजुर्गों को आगे आकर अपने अमूल्य अनुभवों से समाज को मुख्य धारा से जोडना है।

विदित हो कि जन जागृति मनेंद्रगढ़ द्वारा अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस पर गूगल मीट की माध्यम से एक परिचर्चा एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें अध्यक्षता निर्दोष जैन लक्ष्य धनबाद काव्य प्रेमी एवं मार्गदर्शन ने की। वहीं मुख्य अतिथि श्रीमती अंबिका सिंहदेव संसदीय सचिव एवं विधायक बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र व मनेन्द्रगढ के वरिष्ठ साहित्यकार बीरेन्द श्रीवास्तव संयोजक वनमाली सृजन पीठ मनेंद्रगढ़ रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर डॉ अर्चना श्रेया बैंगलोर एवम एस. के. रूप प्रबंध निदेशक दैनिक सम्यक क्रांति बैकुंठपुर व सरदार जितेंद्र सिंह सोढी वरिष्ठ साहित्यकार साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड बिलासपुर रहे। संचालन अंबिकापुर से तुलसी विश्वास सरस्वती वंदना, एकता गुप्ता उन्नाव लखनऊ से स्वागत गीत, डॉ अर्चना श्रेया ने किया। अतिथियों द्वारा उद्बोधन पश्चात उपस्थित कवियों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। संचालन में झारखंड के कवि तुलसी विश्वास ने अपनी प्रतिभा का जलवा बखेर दिया। लखनऊ के कवि शायर खालिद हुसैन सिद्दीकी, मुंबई से छगनलाल मुथा, मध्यप्रदेश देवास से दिलीप कुमार शर्मा, भोपाल से वरिष्ठ साहित्यिकार उषा सक्सेना, विरेंद्र कुमार, जितेंद्र सिंह, टी विजय गोपाल, रमेश तिवारी, बैकुंठपुर छत्तीसगढ़ से स्वतंत्र महोबिया, गौरव अग्रवाल नारायण दत्त पांडे, एस. के. रूप, संतोष जैन, अलीशा शेख साथ ही डॉ अर्चना श्रेया बैंगलोर, क्षमा पाण्डेय जौनपुर से, एकता गुप्ता लखनऊ धनबाद से निर्दोष जैन लक्ष्य ने अपनी कविता÷ बड़ा ही कठिन है बुढ़ापे का रोग और चिट्ठी लिख दी तेरे नाम÷ सुनाया सभी कवियों ने खूब वाहवाही लूटी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अंबिका सिंहदेव, संसदीय सचिव एवम विधायक वैकुंठपुर अंत तक लगभग साढ़े तीन घंटे इस कार्यक्रम में उपस्थित रही यह बहुत ही शानदार कवि सम्मेलन सम्पन्न हुआ। आभार प्रदर्शन का उत्तरदायित्व संस्था के सचिव संतोष कुमार जैन द्वारा निर्वहन किया गया। इस परिचर्चा में उपस्थित विद्वानों ने वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं से संबंधित विभिन्न प्रकार के विचार व्यक्त किए तथा उनके निराकरण के उपाय सुझाए।




# राजधानी में मुख्यमंत्री निवास घेराव के सफल आयोजन को लेकर भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंचल ने कार्यकर्ताओं का जताया आभार

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर 26 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।
भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला-कोरिया के जिला अध्यक्ष अंचल राजवाड़े ने कांग्रेस सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि 2018 के चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणापत्र में युवाओं को रोजगार एवं बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था किंतु आज साढ़े तीन साल पूर्ण होने के बावजूद भूपेश बघेल की भ्रष्टाचारी और युवा विरोधी सरकार ने छत्तीसगढ़ के किसी भी बेरोजगार युवा को ना तो रोजगार दिया और न ही बेरोजगारी भत्ता। इसी विषय को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष अमित साहू के नेतृत्व में राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या के उपस्थिति में 24 अगस्त को राजधानी रायपुर में युवा मोर्चा के द्वारा विशाल मुख्यमंत्री निवास घेराव आंदोलन किया गया, उक्त आंदोलन में कोरिया जिला के समस्त मंडलों से पांच सौ से अधिक कार्यकर्ता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अंचल राजवाड़े के नेतृत्व में हिस्सा लिये थे जिनकी वजह से आयोजन सफल रहा मै सभी कोरिया जिले के कार्यकर्ताओ का आभार व्यक्त करता हूँ जिनके योगदान से कार्यकर्म सफल रहा, इस दौरान युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने भुपेश बघेल मुर्दाबाद, बेरोजगारी भत्ता देना होगा, युवा मोर्चा हल्ला बोल के नारों के साथ नगर निगम के सामने से पैदल चलकर मुख्यमंत्री निवास की ओर जाने वाले सभी बेरिकेट्स को तोड़कर कांग्रेसी सरकार के नाक में दम कर दिया। इस आंदोलन में भाजयुमो के कार्यकर्त्ताओं के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष श्री कृष्ण बिहारी जायसवाल, पूर्व मंत्री भईयालाल राजवाड़े, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष श्यामबिहारी जायसवाल, महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री श्रीमती चम्पादेवी पावले,जिला महामंत्रीद्वय जमुना पांडेय व डंबरू बेहरा, जिला कोषाध्यक्ष राहुल सिंह, भाजयुमो जिला प्रभारी पंकज गुप्ता, संजय सिंह, दृगपाल सिंह, रूबी पासी, हर्षल गुप्ता सहित भाजपा व भाजयुमो कोरिया के नेतागण सम्मिलित हुए। युवा मोर्चा के इस उत्साह को देखकर ऐसा लगता है कि आगामी 2023 के चुनाव में कोरिया जिले के तीनों विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी का परचम लहराना तय है।




# लांस नायक महेश मिश्रा की हायर सेकेंडरी स्कूल बेलबहरा में चली 3 घंटे यातायात की पाठशाला

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर 26 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।
पुलिस अधीक्षक कोरिया त्रिलोक बंसल के आदेशानुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलबहरा के छात्रों को घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न, साइबर अपराध, पॉक्सो, गुड टच बैड के साथ यातायात नियमों, संकेतों एवं चिन्हों की विस्तृत जानकारी जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में पदस्थ लांस नायक महेश मिश्रा ने प्रदान की।

श्री मिश्रा ने यातायात नियमों, संकेतों एवं चिन्हों की जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि यातायात एक ऐसा विषय वस्तु है जिससे कोई भी व्यक्ति अछूता नहीं है, चाहे कोई कितना भी पढ़ा लिखा हो अनपढ़ हो, रोजगार पर हो या बेरोजगार हो, व्यापारी या श्रमिक हो सभी को अपने जीवन निर्वहन के दौरान यातायात से होकर गुजरना होता है इस दौरान इन नियमों की जानकारी के अभाव में दुर्घटनाएं घटित होती हैं इन दुर्घटनाओं से बचाव हेतु चौराहा पार करने का नियम, ट्रैफिक सिग्नल लाइट, हाथों के संकेतों के माध्यम से यातायात व्यवस्था का संचालन, हेलमेट और सीट बेल्ट की अनिवार्यता, दो पहिया वाहन में तीन सवारी ना चलना, वाहन चलाते समय मादक द्रव्यों का सेवन ना करना, तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक वाहन ना चलाना, प्रेशर हार्न का उपयोग ना करना, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने, जेब्रा क्रॉसिंग, गुड सेमेरिटन, लाइसेंस बनवाने के नियम, दुर्घटना के कारण व दुर्घटना घटित होने पर चालक के कर्तव्य, सड़क पर वाहन चलाने की सही तरीका, मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराएं व उसमें निर्धारित जुर्माने की राशि के साथ यातायात के अनिवार्य, चेतावनी व सूचनात्मक संकेतों से संबंधित जानकारी प्रदान की एवं कार्यक्रम के दौरान पूछे गए सवालों का सही जवाब देने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया साथ ही जीवन में यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। उक्त जागरूकता अभियान के दौरान संस्था के प्राचार्य बलराज पाल, विद्यालयीन स्टाफ व्याख्याता माता प्रसाद द्विवेदी, डी. आर. राठौर ,कमलेश पांडेय, जयप्रकाश तिवारी, श्रीमती सुधा शुक्ला, पुष्पांजलि नामदेव, निर्मला अग्रवाल, शोभा जायसवाल, सुषमा टोप्पो, नेहा सिंह, सुनीता मिश्रा, सेवानिवृत्त शिक्षक आर.सी. राजवाड़े सहित काफी संख्या में विद्यालयीन छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



बचपन के प्यार को भुला पाना था मुश्किल

# 70 साल की पाकिस्तानी महिला ने की 33 साल छोटे लड़के से शादी

**इस्लामाबाद, 26 अगस्त 2022।** प्यार पाने के लिए इंसान किसी भी हद तक जा सकता है। इस बात को सच साबित करते हुए पाकिस्तान से एक प्रेम कहानी सामने आई है, जहां 37 साल के इफ्तिखार ने बचपन का प्यार पाने के लिए 70 साल की बुजुर्ग महिला किश्वर बीबी से शादी कर ली है। दोनों एक-दूसरे को लंबे समय तक पसंद करते थे, लेकिन उम्र में इतना अंतर था कि घरवाले उनकी जवानी में नहीं माने, जिसके बाद इफ्तिखार ने दोबारा शादी की और उनके 6 बच्चे हुए। अब आखिरकार दोनों ने अपनी इच्छा पूरी करते हुए एक दूसरे से शादी कर ली है। उनकी शादी का वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। दोनों की शादी पाकिस्तान में चर्चा का विषय बनी हुई है।

**इफ्तिखार का पुराना प्यार किश्वर, जवानी में नहीं हो पाई शादी**

इफ्तिखार बहुत छोटे थे तब ही उन्हें किश्वर बीबी से प्यार हो गया । जब उसने किश्वर से शादी करने की इच्छा जताई तो उसकी मां नहीं मानी। अगर दोनों ने शादी नहीं की, तो किश्वर ने जीवन भर किसी और से शादी नहीं करने का फैसला किया। किश्वर को इस बात का अंदाजा नहीं था कि 70 साल की उम्र में जवानी के प्यार से उनकी शादी हो जाएगी।

**हनीमून पर कराची जाना चाहती हैं किश्वर-** बेशक किश्वर 70 साल के हैं, लेकिन शादी के बाद उनकी चाहत किसी यंग कपल से कम नहीं है। किश्वर से शादी के बाद जब एक रिपोर्टर ने हनीमून डेस्टिनेशन पूछा तो उसने निडर होकर कराची और मारी का नाम लिया।



**शादी के बाद भी किश्वर से मिलता रहा इफ्तिखार -** किश्वर के नए दूल्हे इफ्तिखार ने बताया कि वह परिवार के कारण नहीं मिल सका, लेकिन शादी के बाद इफ्तिखार ने किश्वर से मिलना बंद नहीं किया। दोनों अक्सर पार्कों या अलग-अलग जगहों पर एक साथ मिलते और समय बिताते थे।

**किश्वर ने इफ्तिखारी से शादी करने का फैसला किया-**इन दोनों की प्रेम कहानी में सबसे कठिन था किश्वर बीबी का फैसला। जब दोनों युवावस्था में नहीं मिल पाए तो इफ्तिखार ने दूसरी लड़की से शादी कर ली और बाद में उनके 6 बच्चे हुए, लेकिन किश्वर बीबी ने तय कर लिया था कि वह इफ्तिखार से शादी करेंगी, नहीं तो वह जीवन में ऐसा कभी नहीं करेंगी।

**इफ्तिखार की पत्नी ने दी दूसरी शादी की इजाजत-**आमतौर पर अगर कोई विवाहित महिला अपने पति की दूसरी शादी की बात करती है तो वह भड़क जाती है, लेकिन इफ्तिखार अपने बचपन का प्यार पाने के लिए भाग्यशाली साबित हुआ और उसकी पत्नी खुशी-खुशी दूसरी शादी के लिए राजी हो गई। इफ्तिखार की पहली पत्नी ने दूसरी शादी पर कहा कि वह अपने पति से प्यार करती है, इसलिए वह दूसरी शादी के लिए राजी हो गई। वहीं जब रिपोर्टर ने इफ्तिखार से पूछा कि दूसरी शादी के बाद अब वह किस पत्नी के साथ रहना पसंद करेंगे तो उन्होंने कहा कि वह किश्वर बीबी के साथ रहना पसंद करते हैं, क्योंकि वह उनका बचपन का प्यार है।

**बेटे की शादी पर माता-पिता ने दी ऐसी प्रतिक्रिया-**जब दूल्हे के माता-पिता से इफ्तिखार की 70 वर्षीय किश्वर से दूसरी शादी के बारे में सवाल किया गया, तो वे इस फैसले पर सहमत हो गए। इफ्तिखार के माता-पिता ने कहा कि जब दोनों इतने सालों से प्यार में हैं तो शादी करने में कोई बुराई नहीं है।

## विदेश मंत्री एस जयशंकर ने की अर्जेंटीना के राष्ट्रपति से बातचीत,कई मुद्दों पर हुई चर्चा



**ब्यूनस आयर्स , 26 अगस्त 2022।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अर्जेंटीना के राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज से मुलाकात की और व्यापार संबंधों को अधिक टिकाऊ और महत्वाकांक्षी बनाने के उपायों के साथ-साथ रक्षा और परमाणु ऊर्जा में द्विपक्षीय सहयोग की संभावना पर चर्चा की। तीन लैटिन अमेरिकी देशों की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा के अंतिम चरण में गुरुवार को यहां पहुंचे जयशंकर ने अर्थव्यवस्था मंत्री सर्जियो मस्सा से भी मुलाकात की और आर्थिक सहयोग पर विचारों का आदान-प्रदान किया।जयशंकर ने इस दौरान ट्वीट करते हुए लिखा कि अर्जेंटीना के अर्थव्यवस्था मंत्री सर्जियोमासा से मिलकर खुशी हुई। हमारे आर्थिक सहयोग के विस्तार के प्रति उनके सकारात्मक दृष्टिकोण की सराहना करते हैं।

**इन मुद्दों पर हुई चर्चा**

अर्जेंटीना के राष्ट्रपति फर्नांडीज से मुलाकात के बाद डॉक्टर जयशंकर ने कहा कि मुझे रिसीव करने के लिए राष्ट्रपति को धन्यवाद। जयशंकर ने कहा कि अर्जेंटीना के राष्ट्रपति ने व्यापार स्तरों को अधिक टिकाऊ और महत्वाकांक्षी बनाने सहित द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। उन्होंने ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने फार्मास्यूटिकल्स सहित सस्ती स्वास्थ्य सेवा के महत्व को रेखांकित किया। दोनों नेताओं ने रक्षा सहयोग के साथ-साथ परमाणु ऊर्जा की संभावनाओं पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। यह जयशंकर की दक्षिण अमेरिका की पहली आधिकारिक यात्रा है। वह पहले ही पराग्वे और ब्राजील का दौरा कर चुके हैं।

## टेक्सास में भारतीय मूल की महिलाओं पर नस्लीय हमला, 'आई हेट यू इंडियंस' कहकर महिला ने थप्पड़ मारे

**टेक्सास , 26 अगस्त 2022।** अमेरिका में एक बार फिर से नस्लीय भेदभाव की घटना सामने आई है। ताजा मामला है टेक्सास शहर का जहां चार भारतीय-अमेरिकी महिलाओं के एक समूह के साथ मारपीट का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार कर लिया है। इस वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि मेक्सिकन-अमेरिकन महिला भारतीय मूल की महिलाओं को गालियां दे रही है और उन्हें भारत वापस जाने के लिए कह रही है। आरोपी महिला ने गाली देते हुए %आई हेट यू इंडियंस, गो बैक% के नारे भी लगाए। आरोपी महिला बहस के दौरान आक्रामक होते हुए कहा कि मैं जहां भी जाऊं मेरी मर्जी, तुम भारतीय यहां क्यों आती हो? भारत की तारीफ क्यों कर रही हो? अगर भारत में जीवन इतना अच्छा था, तो तुम यहां क्यों



आई? %आई हेट यू इंडियंस, गो बैक% और इसके बाद महिला मारपीट करने लगी।

**बेहतर जिंदगी के लिए अमेरिका आती हैं भारतीय महिलाएं: आरोपी महिला**

यह घटना गुरुवार रात टेक्सास के डलास की एक पार्किंग में हुई। महिला, जिसे अब गिरफ्तार कर लिया गया है, वीडियो में खुद को मैक्सिकन-अमेरिकी बता रही हैं और भारतीय अमेरिकी महिलाओं के एक समूह के साथ हाथापाई करती नजर आ रही है। आरोपी महिला गुस्से में सभी महिलाओं को %आई हेट यू इंडियन% तक बोल डाली। आरोपी महिला अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए कहा कि ये सभी भारतीय अमेरिका इसलिए आते हैं क्योंकि उन्हें एक बेहतर जिंदगी चाहिए।

**शख्स ने वीडियो पोस्ट कर नाराजगी जताई**


इस घटना का वीडियो पोस्ट करते हुए एक शख्स ने लिखा कि यह घटना मेरी मां और उसकी तीन दोस्तों के डिनर पर जाने के बाद टेक्सास के डलास में हुई जहां एक मेक्सिकन-अमेरिकन महिला इन सभी भारतीय मूल की महिलाओं से उलझ गई और अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगी। मेरी मां को मैक्सिकन-अमेरिकी महिला द्वारा दिए गए तर्कों का विरोध करते हुए और नस्लीय गाली न देने का अनुरोध करते हुए देखा गया है। मैक्सिकन-अमेरिकी महिला आवेश में आकर हाथापाई पर उतर जाती है।

## पाकिस्तान में प्रदर्शन करेंगे सरकारी कर्मचारी,अमेरिका में गांधी प्रतिमा क्षतिग्रस्त

**इस्लामाबाद, 26 अगस्त 2022।** पाकिस्तान के सरकारी कर्मियों ने 14 सितंबर को संसद भवन के बाहर प्रदर्शन की घोषणा की है। कर्मचारियों ने घर के किराए, चिकित्सा और वाहन भत्ते में 100 प्रतिशत की वृद्धि की मांग की है जिसे लेकर वो ये धरना प्रदर्शन करने वाले हैं। वेतन में असमानता के बारे में शिकायत करते हुए, अखिल सरकारी कर्मचारी महागठबंधन (एजीपीजीए) ने 150 प्रतिशत की वृद्धि की मांग की है। यह धरना ऐसे समय में हो रहा है जब शहबाज शरीफ की सरकार ने ईंधन की कीमतों में 40 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ-साथ बिजली के लिए प्रति यूनिट टैरिफ में 47 फीसदी की बढ़ोतरी की है।

अमेरिका में डीएसीए के लाभार्थियों को कानूनी सुरक्षा बढ़ाने के प्रयास

बाइडन प्रशासन ने बचपन में बिना दस्तावेज अमेरिका आए शरणार्थियों को निर्वासन से सुरक्षा देने वाले एक दशक पुराने 'डीएसीए' कार्यक्रम को लेकर पेश आ रही कानूनी चुनौतियों से निपटने के लिए एक नियम की घोषणा की। अमेरिका में भारत से गए हजारों लोग भी डीएसीए का लाभ लेते हैं।



यह नियम 31 अक्तूबर तक लागू नहीं होगा और इसका भविष्य टेक्सास एवं उन अन्य राज्यों द्वारा दायर मुकदमे के परिणाम पर टिका है, जहां रिपब्लिकन पार्टी सत्ता में है। 'डेफर्ड एक्शन फॉर चाइल्डहुड अराइवल्स' (डीएसीए) कार्यक्रम के तहत जुलाई 2021 से नए पंजीकरण नहीं हो रहे हैं। बाइडन ने कहा कि वह डीएसीए के लाभार्थियों की रक्षा के लिए हर वह संभव कोशिश करेंगे। उन्होंने इन लाभार्थियों को नागरिकता देने की राह खोलने के लिए कानून बनाने का आह्वान किया। इस नियम के तहत सुविधा लेने के लिए पात्रता मानदंड को समान रखा गया है।

कई लोग निराश भी

नए नियम में प्रवासियों को पात्र बनाए जाने के पक्षधर डीएसीए की वकालत करने वाले कुछ लोग निराश हुए हैं। आवेदकों को यह साबित करना होगा कि वे जून 2007 से पहले 16 साल से कम आयु में अमेरिका आए थे। यह लाभार्थियों के लिए एक बड़ी मुसीबत बन सकती है।

मा-ऑन तूफान से दक्षिणी चीन में तेज आंधी-बारिश

उष्णकटिबंधीय तूफान मा-ऑन ने बृहस्पतिवार को दक्षिणी चीन के ग्वांगडोंग प्रांत में तेज हवाओं और बारिश के साथ दस्तक दी। माओमिंग शहर के आसपास तटीय क्षेत्रों के निवासियों को क्षेत्र से दूर रहने की चेतावनी जारी कर दी गई है।

ग्वांगडोंग मौसम केंद्र ने कहा, तूफान में 118 किमी (73 मील) प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चल रही हैं और यह 25 किमी (15 मील) प्रति घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है। इस तूफान में एक व्यक्ति घायल हुआ है जबकि 140 लोगों ने शहर में स्थापित अस्थायी आश्रयों में शरण ली है। तूफान के चलते उड़ानें, रेलें, दफ्तर और स्कूल बंद रहे।

आबे की गोली मारकर हत्या के बाद इस्तीफा देंगे जापान के पुलिस प्रमुख

जापान के राष्ट्रीय पुलिस प्रमुख इतारू नकामुरा ने कहा है कि वह पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की गोली मारकर हत्या की घटना की जिम्मेदारी लेते हुए पद से इस्तीफा देंगे। यह घोषणा तब सामने आई जब एजेंसी ने एक रिपोर्ट जारी की कि कैसे वह 8 जुलाई को आबे की जान बचाने में विफल रही। नकामुरा ने यह नहीं बताया कि उनका इस्तीफा कब आधिकारिक होगा।

बता दें, संदिग्ध तेत्सुया यामगामी ने आठ जुलाई को आबे की उस वक्त गोली मारकर हत्या कर दी थी जब वह पश्चिमी जापान में चुनाव प्रचार के सिलसिले में भाषण दे रहे थे। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

अमेरिका में गांधी प्रतिमाओं को क्षति पहुंचाने की निंदा

अमेरिका में व्हाइट हाउस और न्यूयार्क सिटी के मेयर ने हाल में देश में महात्मा गांधी की प्रतिमाओं को क्षतिग्रस्त करने की घटनाओं की कड़ी निंदा की। महात्मा गांधी की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने का ताजा मामला न्यूयार्क का है।

## उड़ान भरते ही विमान के इंजन में लगी आग, चिल्लाने लगे यात्री और फिर ...

**मेक्सिको सिटी ,26 अगस्त 2022।** मेक्सिको में एक विमान के उड़ान भरने के कुछ मिनट बाद ही इंजन में आग लग गई, जिससे पायलट को इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। विवा एयरबस फ्लाइट ने ग्वाडलजारा हवाई हड्डे से लॉस एंजिल्स के लिए उड़ान भरी थी। इस प्लेन में 186 यात्रियों के बैठने की क्षमता है। पायलट की सतर्कता के चलते बड़ा हादसा होने से टल गया।

रिपोर्ट के मुताबिक 3 घंटे की उड़ान में अभी 10 मिनट ही हुए होंगे कि यात्रियों ने जेट के दाहिने इंजन से चिंगारी और आग की लपटें निकलते देखा। कुछ यात्रियों ने विस्फोट की आवाज सुनने की भी शिकायत की। इससे यात्रियों के बीच काफी दहशत फैल गई। यात्री बहुत घबरा गए थे और कई लोग तो रोने और चिल्लाने भी लगे। यात्री अपनी सुरक्षा के लिए प्रार्थना करने लगे।

क्रू को जब तक विमान में आग लगने की जानकारी मिलती, तब तक वह 13,000 फीट की ऊंचाई पर पहुंच चुका था। आनन-फानन में इमरजेंसी लैंडिंग कराने का फैसला लिया गया। इस तरह टेकऑफ करने के 45 मिनट बाद प्लेन ग्वाडलजारा हवाई अड्डे पर वापस आ गया। यात्रियों को तुरंत नीचे उतार दिया गया और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू हुआ।

इसके बाद सभी यात्रियों को रात भर ठहरने लिए एक होटल में भेज दिया गया। अगली सुबह उन लोगों ने दोबारा उड़ान भरी। यात्री इस बात को लेकर शुक्रमंद थे कि बड़ा हादसा होने से टल गया और अब वो सभी अपने परिजनों के पास वापस जा पाएंगे।

## चीन से निपटने को ताइवान के रक्षा बेड़े में शामिल होंगे लड़ाकू विमान,बजट में की वृद्धि

**ताइपे, 26 अगस्त 2022।** अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी के ताइवान दौरे से उठा तूफान अभी थमा नहीं है। चीन से बढ़ते तनाव के तहत ताइवान ने बड़ा कदम उठाते हुए अपने रक्षा बेड़े में घातक लड़ाकू विमान और बड़े हथियारों समेत अन्य उपकरण शामिल किए हैं। ताइवान ने बृहस्पतिवार को अपनी सुरक्षा को और ज्यादा मजबूत करने के लिए अगले साल रक्षा क्षेत्र में 19 अरब डॉलर खर्च करने का प्रस्ताव रखा है।



ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग-वेन के मंत्रिमंडल ने कुल प्रस्तावित रक्षा बजट में वार्षिक आधार पर 13.9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 19.41 अरब डॉलर निर्धारित किया है। इसमें लड़ाकू विमान और अन्य उपकरणों के लिए अतिरिक्त विशेष फंड शामिल हैं। हालांकि बजट, लेखा और सांख्यिकी महानिदेशालय ने यह नहीं बताया है कि पैसा कहां जाएगा। ताइवान ने अपने रक्षा बजट में यह रिकॉर्ड वृद्धि की है जो देश के रक्षा खर्च में बढ़ोतरी की तुलना में सर्वाधिक है। ताइवान की 2017 के बाद वार्षिक वृद्धि चार फीसदी से नीचे रही है। इस वृद्धि का मकसद हथियारों को रक्षा बेड़े में शामिल करना है।

**विमानों-जहाजों की लागत पर खास ध्यान**

सांख्यिकी विभाग के मंत्री चू जर मिंग ने कहा कि हमें रक्षा खर्च में वृद्धि करना जरूरी हो गया है। हम हमेशा सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता देते हैं। इसलिए बजट के लिए संचालन लागत काफी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि ताइवान के पास चीनी सैन्य गतिविधियों का मुकाबला करने के लिए भेजे गए विमानों और जहाजों के लिए ईंधन और रखरखाव जैसी लागतों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

ब्रिटेन में 'बछ बारस'

## लंदन में ऋषि सुनक व अक्षता मूर्ति ने की 'गौ पूजा'

**लंदन , 26 अगस्त 2022।** ब्रिटिश पीएम पद की दौड़ में अग्रणी ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति ने जन्माष्टमी मनाने के बाद बछ बारस पर गौ पूजा की। इसका वीडियो सोशल वीडियो में वायरल हो रहा है। इसके साथ ही सनातन धर्म व संस्कृति की विशेषताओं की चर्चा हो रही है।

सुनक दंपती ने जन्माष्टमी पर भगवान कृष्ण की पूजा के फोटो इंस्टाग्राम पर साझा किए थे, लेकिन दो दिन पूर्व मनाए गए %बछ बारस% पर गाय की पूजा का वीडियो उनके एक समर्थक ने ट्विटर पर साझा किया है। बछ बारस का पर्व 23 अगस्त को मनाया गया था। इस मौके पर गाय व बछड़े की पूजा कर मन्नत मांगी जाती है। भारत में यह पर्व बड़े पैमाने पर मनाया जाता है।



ब्रिटेन के पूर्व वित्त मंत्री ऋषि सुनक, बोरिस जॉनसन की जगह ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बनने की दौड़ में शामिल दो प्रमुख प्रत्याशियों में से एक हैं। उनका मुकाबला ब्रिटेन की विदेश मंत्री लिज ट्रस से है, जो उनके मुकाबले कुछ भारी बताई जा रही है। सत्तारूढ़ कंजरवेटिव पार्टी 5 सितंबर को अंतिम रूप से नए नेता का चुनाव करेगी, इससे सुनक की भी किस्मत का फैसला हो जाएगा। बता दें, उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति भारत की अग्रणी सॉफ्टवेयर कंपनी इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति की बेटी हैं।

**मैरन सेवतहाल ने साझा किया**

मैरन सेवतहाल ने सुनक दंपती की गौ पूजा का वीडियो सोशल मीडियो में साझा किया है। इसके साथ मैरन ने लिखा, ब्रिटेन के संभावित पीएम ऋषि सुनक और उनकी पत्नी ने यूके में गौ माता की पूजा की। यह दर्शाता है कि भारत विश्व मंच पर छा रहा है। हमें अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने में अब कोई शर्म नहीं है। जय सनातन धर्म।%

वीडियो में सुनक को पत्नी अक्षता के बाजू में खड़ी गाय के सामने आरती करते हुए देखा जा सकता है। ब्रिटेन के पूर्व वित्त मंत्री सुनक को गाय को पवित्र जल अर्पित करते देखा जा सकता है। इसके बाद सुनक दंपती के पास खड़े पुजारी एक दीया सौंपते हैं और मंत्रोच्चार के बीच वे गौ माता का आशीर्वाद लेते हैं।

# गहराया आर्थिक संकट,बांग्लादेश में दिखने लगा कुछ-कुछ श्रीलंका जैसा नजारा

**ढाका , 26 अगस्त 2022।** बांग्लादेश में महंगाई और जरूरी चीजों के अभाव के खिलाफ लोगों का गुस्सा अब सड़कों पर दिखने लगा है। गुरुवार को देश के वामपंथी संगठनों आम हड़ताल आयोजित की। लेफ्ट डेमोक्रेटिक एलायंस (एलडीए) के आह्वान पर हुई इस हड़ताल के दौरान जगह-जगह पर विरोध प्रदर्शन आयोजित किए गए। एलडीए से जुड़े कई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार लिया गया।

पिछले कुछ दिनों में बांग्लादेश में आर्थिक संकट गहरा गया है। ईंधन की महंगाई को देखते हुए सरकार ने बिजली का उपभोग घटाने के कई उपाय घोषित किए हैं। इसके तहत अब स्कूलों को हर हफ्ते एक दिन अतिरिक्त बंद रखने का फैसला किया गया है। बांग्लादेश में शुक्रवार को स्कूलों छुट्टी रहती है। अब वे शनिवार को भी बंद रहेंगे। सरकारी दफ्तरों और बैंकों में कामकाजी घंटे घटा दिए हैं। ये तमाम उपाय बुधवार से लागू हो गए। गुरुवार को इसके खिलाफ जन विरोध का नजारा देखने को मिला।

पर्यवेक्षकों के मुताबिक देश के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार आ रही गिरावट के कारण प्रधानमंत्री शेख हसीना वाजेद की सरकार को कमखर्ची लागू करने के ये उपाय अपनाने पड़े हैं। पिछले महीने बांग्लादेश के कच्चे तेल के आयात बिल में 50 फीसदी बढ़ोतरी हुई थी। अब सरकार ने कहा है कि वह रूस से सत्ता तेल हासिल करने की संभावना तलाश रही है। देश में महंगाई की दर भी काफी ऊंची हो




गई है। इस कारण हाल के हफ्तों में पहले भी कई जगहों पर विरोध प्रदर्शन आयोजित किए गए हैं।

अनाज की महंगाई पर काबू पाने के लिए हसीना सरकार ने रूस, वियतनाम और भारत से अनाज आयात करने का समझौता किया है। इसते तहत 83 लाख लाख टन गेहूं और चावल का आयात किया जाएगा। विश्लेषकों के मुताबिक इससे देश में अनाज की महंगाई पर काबू पाने में मदद मिलेगी, लेकिन साथ ही विदेशी मुद्रा का संकट और गहराने की आशंका है।

इस बीच मशहूर ब्रिटिश अखबार फाइनेंशियल टाइम्स ने अपनी एक ताजा रिपोर्ट में बांग्लादेश में बन रही हालत की तुलना पिछले वर्ष की श्रीलंका की स्थिति से की है।

इस रिपोर्ट में कहा गया है कि अभी हाल तक बांग्लादेश ने कोरोना महामारी और यूक्रेन युद्ध के कारण दुनिया भर में लग रहे आर्थिक झटकों से अपने को बचा रखा था। इसकी वजह देश का मजबूत निर्यात सेक्टर है। लेकिन अब हालत बदल रही है। इसे देखते हुए शेख हसीना सरकार ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से 4.5 बिलियन डॉलर का कर्ज मांगा है।

संयुक्त राष्ट्र और विश्व बैंक में काम कर चुके वरिष्ठ अधिकारी मार्क मेलोच ब्राउन ने फाइनेंशियन टाइम्स से कहा- 'बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था काफी हद तक अंतरराष्ट्रीय बाजार से जुड़ी हुई है। खास कर वह अपने वस्त्र निर्यात पर निर्भर है। लेकिन ये सेक्टर दुनिया में दूसरी जगहों पर पैदा हुई स्थितियों के कारण संकट में फंस गया है।'

# क्या विधायक के अवैध कारोबार बंद करने के आवेदन का पालन नहीं कर पा रही पुलिस ?

» बंद कबाड़ चोरी पुनः प्रारंभ,सड़क दफाई के चर्चित कबाड़ी चिरमिरी क्षेत्र में लोहा चोरी को बेधड़क दे रहा अंजाम।

» पुलिस से चचावा गैंग छोटे कबाड़ियो पर करवा रहा कार्यवाही,चिरमिरी पुलिस कठपुतली बनकर कर क्यों कर रही कार्यवाही ?




» सोशल मीडिया में हो रहा हैं चोरी का वीडियो वायरल,क्षेत्र की पुलिसिया कार्यप्रणाली पर लग रहे सवालिया निशान।
» किसके आदेश पर कबाड़ का कारोबार हो रहा बेखोफ ?
» विधायक के आवेदन के बाद भी क्यों नहीं रुक रहा कबाड़ चोरी ?
» विधायक आवेदन के अनुरूप पुलिस क्यों नही कर रही माफिया गैंग पर कार्यवाही ?

-रवि सिंह-
**बैकुण्ठपुर 26 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
स्थानीय विधायक ने थाने पहुंचकर अवैध कारोबार बंद कराने की शिकायत दर्ज कराई थी इसके बावजूद स्थानीय विधायक की बात को भी नजर अंदाज कर रही पुलिस, क्या विधायक सिर्फ आवेदन खानापूर्ति के लिए दिए थे या फिर वाकई में हुए अवैध कारोबार पर अंकुश चाहते थे? एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र कि वर्षो से बंद पड़ी कोयला खदानों में लोहा चोरी का सिलसिला पिछले कुछ दिनों से बेरोकटोक पुनः प्रारंभ हो गया है, पुराने पुलिस अधीक्षक ने बड़ी शक्ति कर कबाड़ बंद करवाया था, अब पुनः चचावा गैंग दिन रात सक्रिय हो गया है, क्षेत्र के और बाहर से आए हुए अवैध काम को अंजाम देने वाले की संदिग्ध व्यक्तियों संदिग्ध गतिविधियों को देख कर आम जनमानस में भय व्याप्त हो गया है बताया जाता है, आखिर किसके इशारे पर पूरे चिरमिरी क्षेत्र के विभिन्न कोयला खदानों से बड़े पैमाने पर लोहा तांबा पीतल बेल्ट कटिंग का कार्य पूरे चिरमिरी इलाके में दिन-रात बड़ी सक्रियता से प्रारंभ हो गया है, सड़क दफाई स्थित एक गोदाम में स्टोर कर रायपुर तरफ भेजा जाने लगा है, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार छोटे कबाड़ियो पर पुलिस प्रशासन फर्जी मामले बनाकर बड़े कबाड़ी को बचा रही है, इन दिनों सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हो रहे हैं हम इस वीडियो की पुष्टि तो नहीं करते पर वीडियो को देखने के बाद यह प्रतीत होता है कि लोहा चोरी में इन दिनों पूरे चिरमिरी में बड़े पैमाने में कबाड़ीओं द्वारा खेल खेला जा रहा है, दिनदहाड़े की जा रही चोरी से जनप्रतिनिधियों और पुलिस की किसी भी प्रकार की कार्यवाही ना होने से संरक्षण स्पष्ट दिख रहा है।

उल्लेखनीय है कि बीते छ महीनों से चिरमिरी इलाके में स्थित चर्चित कबाड़ीयों की दुकान बंद हो गई थी, तेराजू उतार दिए गए थे, लेकिन पिछले दो-तीन महीनों से पूरे इलाके में कार्यरत लगभग सभी कबाड़ी और उनके शागिर्द पुनः चोरी में सक्रिय हो गए हैं पूरे इलाके का माफिया सड़क दफाई में तराजू फिर से टांग दिए हैं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पिछले 2, 3 महीनों से 30 ट्रक लोहा रायपुर भेजा जा चुका है प्रति दिन दिनभर गोदाम में लोहा लोड किया जा रहा है, लोहा चोरी में पिछले 25 वर्षों से संलिप्त चचवा गैंग की रात दिन पिकअप जीप पर अंजन हिल बरतूगा मेगा प्रोजेक्ट, चिरमिरी खुली खदान कोरिया स्टोर कोरिया के लगभग सभी बंकर जिला पानी में बंकर वेस्ट चिरमिरी स्थित बंद पड़ी कोयला खदानों के बंकर और बेशकीमती अन्य मशीनें काटकर स्टोर में जमा किया जा रहा है, इन अवैध कारोबारियों के 1 दर्जन से अधिक मालवाहक गाड़ियां और उन पर कई दर्जनों लोग सवार होकर दिन-रात अपने कार्य को अंजाम दे रहे हैं वही जिम्मेदार पुलिस प्रशासन इन सभी अवैध गतिविधियों पर अंकुश न लगा कर उन पर कार्यवाही करने के बजाए खुली संरक्षण दे रहा है. वही अपराधी पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं।

### गजब की सांठगांठ से हो रहा है कारोबार

बताया जाता है कि एसईसीएल प्रबंधन भी अपने बेश कीमती उपकरणों और लोह सामग्रियों के संरक्षण के लिए अपने सुरक्षाकर्मियों सहित देश की अन्य सुरक्षाकर्मियों को भी भारी भरकम पेमेंट देकर अपने खदानों और बेशकीमती मटेरियल की सुरक्षा नहीं कर पा रहा है, इन सुरक्षाकर्मियों की भी स्थिति संदिग्ध है कहीं ना कहीं इस अनैतिक कार्य में इनकी भी सहमति होती है, जो क्षेत्र में बड़ा जन चर्चा का विषय है यही कारण है कि कबाड़ी अपनी इच्छा के मुताबिक पूरे चिरमिरी क्षेत्र की कोयला खदानों को अपना चारागाह बनाये हुए है और करोड़ों रुपए की संपत्ति को लूट कर प्रबंधन को खोखला कर रहे है वही कालरी प्रबंधन के जिम्मेदार अधिकारी अपनी बेशकीमती सामग्रियों के संरक्षण के बजाय आपस में एक दूसरे को दोषारोपण कर मामले को ठोस कार्यवाही करवाने के बजाय एक दूसरे पर दोषारोपण करते हुए नजर आते हैं।

### कबाड़ियों के लिए वरदान,क्यों की प्रबंधन नहीं पड़ना चाहता झमेले में

खबर यह भी है कि यदि पुलिस प्रशासन इन लोहा चोरी करने वाले कबाडियो की गाड़ियों को जप्त करता है तो प्रबंधन का कोई भी अधिकारी रिपोर्ट करने को भी तैयार नहीं होता और नहीं एसईसीएल प्रबंधन का कोई मैनेजर यह मानने को तैयार नहीं होता कि यह माल उनके कालरी का है यही कारण है कि इन कबाड़ियो के हौसले और बुलंद हो चलें कहीं ना कहीं इन कबाड़ियो की संदिग्ध गतिविधियों पर प्रबंधन के अधिकारियों की भी संलिप्तता प्रतीत होती है। करोड़ों रुपए के बेशकीमती कलपुर्जे लोहे पीतल तांबा एवं अन्य सामग्रियां चोरी होती हैं लेकिन कोयला कंपनी का कोई भी अधिकारी इस अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपनी तरफ से कोई प्रयास नहीं करता है।

### विधायक की शिकायत पर भी थाना प्रभारी नहीं रोक पा रहे

बीते कुछ माह पहले क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि ने थाने में स्वयं पहुंचकर कबाड़ जुआ सट्टा कोयला चोरी की अवैध गतिविधि बढ़ जाने के कारण उस पर अंकुश लगाने के लिए एक लिखित शिकायत की थी जिसे तत्काल बंद कराया जाए, आवेदन के उपरांत पूरे चिरमिरी क्षेत्र में फैले अवैध कारोबार बंद कर दिए गए थे किंतु पिछले दिनों से पुनः फिर से प्रारंभ हो जाना, जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों के आवेदन के विरुद्ध जाकर पुनः कबाड़ जुआ सट्टा कोयला चोरी सहित सभी अवैध कार्यों को फिर से चालू करवाना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लग रहे हैं।

# टिकट की उम्मीद जगते ही भईयालाल राजवाड़े भी जुटे जनसम्पर्क में...धुआंधार दौरा जारी

» विधानसभा चुनावों में टिकट के लिए पूर्व मंत्री भईयालाल राजवाड़े की दावेदारी हुई मजबूत।
» भाजपा में 75 पार वालों को भी चुनावों में मिलेगा टिकट,पूर्व मंत्री का टिकट लगभग हुआ तय।
» भईयालाल राजवाड़े को टिकट नहीं मिलने की स्थिति में भविष्य में प्रधानमंत्री सहित रक्षा मंत्री का भी कट सकता है टिकट।
» प्रधानमंत्री व रक्षामंत्री भी आगामी चुनावों में हो जाएंगे 75 पार।
» भईयालाल हो सकते हैं बैकुंठपुर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी दिखने लगा तय।

-रवि सिंह-
**बैकुण्ठपुर 26 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
आगामी विधानसभा चुनावों में बैकुंठपुर विधानसभा से भाजपा के प्रत्याशी भईयालाल राजवाड़े हो सकते हैं क्योंकि जैसा कि भाजपा में अब यह तय होने जा रहा है कि 75 पार वालों को भी चुनाव में किस्मत आजमाने टिकट दिया जाएगा और उसी फार्मूले के तहत भईयालाल राजवाड़े आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा के प्रत्याशी होगें यह अब तय नजर आने लगा है। पूर्व मंत्री भईयालाल राजवाड़े भी अब टिकट को लेकर आश्वस्त नजर आ रहें हैं और लगातार जनसम्पर्क में वह जुट चुके हैं और उनका धुंआधार जनसंपर्क जारी है। भईयालाल राजवाड़े वैसे भी भाजपा कार्यकर्ताओं सहित बैकुंठपुर विधानसभा के लोगों की पहली पसंद विगत वर्षों से पुनः बनते चले आ रहें हैं और उनकी चहुंओर स्वीकार्यता के कारण ही उनका पुनः चुनाव में उतरना तय नजर आ रहा है वहीं भाजपा में 75 पार को टिकट के नए फार्मूले के तहत वह भाजपा के निश्चित प्रत्याशी बतौर आगामी चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी होंगे इससे वह स्वयं आश्वस्त नजर आ रहें हैं।



### भाजपा में मिलेगा 75 पार वालों को भी टिकट

भाजपा में नए फार्मूले के तहत 75 पार वालों को टिकट मिलना तय नजर आ रहा है,भाजपा में 75 साल से ज्यादा उम्र के लोग भी चुनाव लड़ सकेंगे यह भाजपा का नया फार्मूला टिकट का होने वाला है जो अब लगभग तय है। भाजपा के इस फैसले से कई वरिष्ठ 75 साल से ऊपर उम्र के भी लोग अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर सकेंगे और टिकट पाकर चुनाव लड़ सकेंगे जिसमें से एक बैकुंठपुर विधानसभा के पूर्व भाजपा विधायक एवम पूर्व मंत्री भईयालाल राजवाड़े भी हैं।

### प्रधानमंत्री रक्षामंत्री भी लड़ सकेंगे नए फार्मूले के तहत चुनाव

प्रधानमंत्री सहित रक्षामंत्री भी आगामी चुनावों में 75 पार उम्र के हो जाएंगे और भाजपा के 75 पार वालो को टिकट के नए फार्मूले के तहत प्रधानमंत्री व रक्षामंत्री भी टिकट के दावेदार होंगे और आगामी चुनाव लड़ सकेंगे।



### भइयालाल राजवाड़े जुटे जनसम्पर्क में

भाजपा से पूर्व विधायक बैकुंठपुर एवम छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मंत्री भईयालाल राजवाड़े भाजपा के 75 पार वालों को भी टिकट के नए फार्मूले के सामने आते ही धुंआधार जनसंपर्क में जुट चुके हैं,भईयालाल राजवाड़े फिलहाल लगातार क्षेत्र के दौरे पर हैं और प्रत्येक गांव तक जाकर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं और लोगों से उनकी समस्याओं को सुनकर उसके समाधान का आस्वासन दे रहें हैं।

### बैकुंठपुर विधानसभा से भाजपा के सबसे स्वीकार्य प्रत्याशी हैं भईयालाल राजवाड़े

बैकुंठपुर विधानसभा से पूर्व मंत्री बैकुंठपुर विधानसभा से भाजपा के पूर्व विधायकभईयालाल राजवाड़े भाजपा के सबसे स्वीकार्य प्रत्याशी हैं और वह एकमात्र ऐसा भाजपा से आगामी चुनावों में बैकुंठपुर विधानसभा से चेहरा हैं जिनकी जीत को लेकर स्वयं बैकुंठपुर विधानसभा की पूरी भाजपा भी आश्वस्त है जो लगातार सुनने और देखने को मिल रहा है।



# पुलिस अधीक्षक ने डायल 112 के कर्मचारियों की मीटिंग में रिस्पांस टाइम कम से कम रखने की दी हिदायत

-संवाददाता-
**कोरबा, 26 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह द्वारा डायल 112 के कर्मचारियों का रक्षित केंद्र परिसर में मीटिंग लिया गया ।मीटिंग के दौरान संतोष सिंह ने डायल 112 के कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी तरह जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने की समझाइश दी गई । संतोष सिंह ने कहा कि इवेंट मिलने पर तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों की मदद किया जाना चाहिए एवं रिस्पांस टाइम को कम से कम रखने का प्रयास करना चाहिए । छोटी से छोटी घटना को भी गंभीर घटना मानकर घटनास्थल पर तत्काल पहुंचना चाहिए द्व मानवीय पहलुओं को ध्यान में रखते हुए घायल एवं पीड़ितों को अविलंब सहायता प्रदान करें । संतोष सिंह द्वारा अच्छा कार्य करने वालों को पुरस्कृत किए जाने की भी घोषणा की गई । इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा , रक्षित निरीक्षक अनथ राम पैकरा , डायल 112 के प्रभारी सउनि रूबेन कुजूर सहित डायल 112 सेवा प्रदाता कंपनी के ड्राइवर अधिकारी सहित पुलिस अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे ।

# पहाड़ी की खाई में मिला शव,पुलिस द्वारा तफ्तीश जारी



-संवाददाता-
**कोरबा, 26 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
जिले के पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत दर्शनीय स्थल चैतुरगढ़ के पार्किंग स्थल से कुछ दूरी पर पहाड़ी की खाई में एक शव मिला है। मृतक का नाम शिव कुमार साहू 45 वर्ष भाटापारा बलोदा बाजार निवासी है ,जो कि दवा नेटवर्क मार्केटिंग का कार्य करता था। वह विगत 29 जुलाई से लापता था। सूचना पर पाली पुलिस घटनास्थल पहुंची और उसकी मौत का कारण तलाशने में जुटी ,साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। अब पुलिस को रिपोर्ट आने का इंतजार के मौत की वजह दुर्घटना है या कुछ और?

# पुलिस ने हत्या के 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर निकाला परेड

## फरार लोगों की तलाश जारी

-संवाददाता-
**कोरबा , 26 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
गुरुवार की रात कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सीतामढ़ी गोकुलगंज में वाहनों व घर में तोड़फोड़ कर एक युवक की हत्या कर देने के मामले में लिप्त आरोपियों में से 12 की गिरफ्तारी कर ली गई है। गिरफ्तार आरोपियों का कोतवाली से शहर के मध्य परेड निकाला गया। बता दें कि कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सीतामढ़ी के गोकुल गंज मोहल्ला में कृष्णा यादव उर्फ कुणाल 26 वर्ष ,जो की अखिल भारत हिन्दू महासभा कोरबा का सदस्य भी था की नृशंस हत्या 40 से 50 लोगों ने मिलकर कर दी। गुरुवार 25 अगस्त की रात करीब 10 बजे मोती सागर पारा निवासी 40 से 50 लोग हाथों में लाठी, डंडे, रॉड, तलवार, कुल्हाड़ी जैसे हथियार लेकर कृष्णा के मुख्य दरवाजा को तोड़कर अंदर घुस आए और घर में खड़ी तीन बाइकों में व घर में लगे शीट में तोड़फोड़ किये। आंगन में बंधे गाय, भैंस को भी मार रहे थे के इस बीच, इन सभी घटना से अनजान कृष्णा यादव अपनी ड्यूटी से वापस घर लौटा ,जिसे घर के दरवाजे के पास ही हमलावरों ने हथियारों से बुरी तरह मारकर सुला दिया। अपने भाई की चीख पुकार सुनकर रिंकू जब बाहर आया तो उसके साथ भी मारपीट किया गया। घटना के वक्त दोनों भाई चीखते- चिल्लाते रहे, लेकिन किसी ने मदद नहीं की और ना ही किसी को मदद के लिए आसपास आने नहीं दिया गया। इस घटना से आक्रोशित लोगों ने सुबह कोतवाली पहुंचकर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के साथ ही क्षेत्र को नशा मुक्त कराने की मांग की। इस पूरे घटनाक्रम को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव को दिए। निरीक्षक के द्वारा मातहतों के सहयोग से कार्रवाई कर एवं रात में घटनास्थल से पकड़े गए आरोपियों सहित कुल 12 लोगों की गिरफ्तारी करने की जानकारी दी गई । इनमें 06 नाबालिग हैं। इन सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर शहर की सड़क पर पैदल परेड कराया गया। फरार लोगों की तलाश जारी द्व








# कर्मचारी अधिकारियों का आंदोलन पांचवें दिन भी जारी

## अभी करो अर्जेंट करो भत्ता 34 प्रतिशत करो

-संवाददाता-
**सूरजपुर , 26 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
जिले के कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर अपनी मूल मांग केंद्र के समान 34 प्रतिशत मंहगाई भत्ता देय तिथि से बकाया ऐरियर्स सहित भुगतान करने एवं सातवें वेतनमान के अनुरूप गृह भाड़ा भत्ता प्रदान करने की मांगों को लेकर पांचवें दिन भी अनिश्चितकालीन कलम बंद काम बंद कर हड़ताल पर डटे हैं।

जिला संयोजक अनिल मिश्रा ने बताया कि हमने पहले चरणबद्ध आंदोलन कर सरकार तक अपनी बातें पहुँचाई हैं। 25 अगस्त को पूरे प्रदेश में कर्मचारियों ने न्याय महारैली रैली भी निकालकर सरकार से न्याय की गोहार लगाई लेकिन सरकार के कानों में अभी तक जूं भी नहीं रेंगी।जिससे दिन ब दिन कर्मचारियों में रोष बढ़ता जा रहा हैं।आज प्रांतीय निकाय के निर्णयानुसार पूरे प्रदेश में सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधियों को अपनी मांगों के समर्थन में ज्ञापन सौंपा गया।उसी तारतम्य में भटगांव विधायक माननीय पारसनाथ राजवाड़े जी को भी ज्ञापन देकर अपनी मांगों से अवगत कराया।माननीय विधायक जी ने मुख्यमंत्री जी से चर्चा करने की बात कही है।जिले के समस्त विकासखण्डों में ब्लॉक संयोजकों के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन आंदोलन अनवरत जारी है । आज के आंदोलन में फेडरेशन से सम्बद्ध समस्त संगठनों के जिलाध्यक्ष, पदाधिकारी सहित हजारों साथी शामिल रहे।

# राजस्थान में शिक्षक के पिटाई से छात्र की हुई थी मौत



-संवाददाता-
**बैकुण्ठपुर 26 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** गुरुवार को गोंडवाना गणतंत्र पार्टी कोरिया द्वारा राजस्थान के जालौर जिले के सरस्वती शिशु मंदिर में पदस्थ शिक्षक छैला सिंह के द्वारा कक्षा तीसरी के छात्र इंद्र कुमार मेघवाल ने मटके का पानी को अपने हाथों से निकालकर पी लेने से नाराज शिक्षक ने छात्र को बेरहमी पीटा, जिसकी ईलाज के दौरान मौत हो गई, जिसका विरोध और न्याय दिलाने एवं दोषी को फांसी और मौत की सजा हो, मांग को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी कोरिया, सर्व अंबेडकर विचार मंच, सर्व आदिवासी सामाज कोरिया, अजाक्स कोरिया द्वारा महामहिम राष्ट्रपति, मा.राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुसचित जाति आयोग, मा.मुख्यमंत्री राजस्थान के नाम प्रेमाबाग बैकुण्ठपुर से कलेक्टर कार्यालय तक वाहन रैली निकला कर विरोध प्रकट कर कलेक्टर कोरिया को ज्ञापन सौंपा गया! मुख्य अतिथि मा. इंजी.संजय सिंह कमरो (प्रदेश अध्यक्ष गोंगपा छ.ग.) के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया, कार्यक्रम में डी.एल.भास्कर, मा.संजय कुर्रे (सर्व अंबेडकर विचार मंच), मा.शरण सिंह (सर्व आदिवासी सामाज कोरिया),मा. केवल सिंह मरकाम (जिलाध्यक्ष गोंगपा कोरिया ) एवं हजारों की संख्या में कार्यकर्ता-पदाधिकरियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा ) उदयपुर जिला -सरगुजा (छ0ग 0)**

रा0प्र0क्र0/ /अ-02/2021-22

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राकेश गुप्ता आ0 राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता जाति कलार निवासी अम्बिकापुर जिला सरगुजा द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की ग्राम खम्हरिया,तहसील उदयपुर जिला सरगुजा स्थित भूमि खसरा क्रमांक 230/1 रकबा 0.963 हे0 में से रकबा 0.061 हे0 भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन में व्यपवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन के पन्द्रह दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रूप से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.08.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा) उदयपुर सरगुजा

# सात्विक-चिराग ने पुरुष युगल में भारत का पहला पदक किया पक्का,प्रणय हारे

**टोक्यो, 26 अगस्त 2022।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने शुक्रवार को यहां विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में अपना पहला पदक पक्का करके नया इतिहास रचा, लेकिन एचएस प्रणय का शानदार अभियान क्वार्टर फाइनल में थम गया। इस माह के शुरू में राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली विश्व में सातवें नंबर की भारतीय जोड़ी ने बेहतरीन प्रदर्शन करके खिताब की प्रबल दावेदार और मौजूदा चैंपियन ताकुरो होकी और यूगो कोबायाशी की विश्व में दूसरे नंबर की जापानी जोड़ी को एक घंटे 15 मिनट तक चले मैच में 24-22, 15-21, 21-14 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इससे उन्होंने पहली बार विश्व चैंपियनशिप में अपने लिए पदक सुनिश्चित किया। यह भारत का विश्व चैंपियनशिप में युगल में दूसरा पदक है। इससे पहले



ज्वाला गुट्टा और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी ने 2011 में महिला युगल में कांस्य पदक जीता था। सात्विक और चिराग ने भी अपने लिए कम से कम कांस्य पदक पक्का कर लिया है। सेमीफाइनल में उनका सामना आरोन चिया और सोह वूई यिक की छठी वरीयता प्राप्त मलेशियाई जोड़ी से होगा। भारत का यह विश्व चैंपियनशिप में कुल मिलाकर 13वां पदक है। पीवी सिंधू ने 2019 में स्वर्ण पदक सहित इस प्रतियोगिता में कुल पांच पदक जीते हैं जबकि साइना नेहवाल ने एक रजत और एक कांस्य पदक हासिल किया है। इनके अलावा किदांबी श्रीकांत ने रजत, लक्ष्य सेन, बी साई प्रणीत और प्रकाश पादुकोण ने कांस्य पदक जीते हैं। भारत एक और पदक अपने नाम कर सकता था लेकिन चीन के झाओ जुन पेंग ने तीन गेम तक चले एक मैच में प्रणय को 19-21, 21-6, 21-18 से हराकर भारतीयों का दिल तोड़ दिया।

## करीम बेंजेमा और एलेक्सिया पुटेलस को यूएफा पुरस्कार



**इस्तांबुल, 26 अगस्त 2022।** करीम बेंजेमा और एलेक्सिया पुटेलस ने यूरोपीय फुटबॉल महासंघ का वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता और इस तरह से इन पुरस्कारों में स्पेनिश क्लबों का दबदबा रहा।
बेंजेमा पुरुष वर्ग का खिताब जीतने के प्रबल दावेदार थे। उन्होंने चैंपियंस लीग में 15 गोल किए और रियाल मैड्रिड को रिकॉर्ड 14वां यूरोपियन खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।
पुटेलस ने लगातार दूसरी बार यूएफा महिला पुरस्कार जीता। उन्होंने बार्सिलोना को चैंपियंस लीग के फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। फाइनल में बार्सिलोना लियोन से हार गया था।उन्हें जुलाई में यूरोपियन चैंपियनशिप में स्पेन की अगुवाई करनी थी लेकिन घुटने की चोट के कारण वह इस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले पाई थी।

## बाइचुंग भूटिया ने बताया,भारतीय टीमें फीफा विश्व कप के लिए कैसे कर सकती हैं क्वॉलीफाई ?

**नयी दिल्ली , 26 अगस्त 2022।** पूर्व भारतीय कप्तान बाइचुंग भूटिया ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरने के बाद कहा यदि देश के फुटबॉल ढांचे में जमीनी स्तर पर सुधार किया जाता है तो भविष्य में भारत की सीनियर और आयु वर्ग की टीमें योग्यता के आधार पर विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर सकती हैं। अपने जमाने के दिग्गज फुटबॉलर भूटिया ने एआईएफएफ के दो सितंबर को होने वाले चुनावों के लिए गुरुवार को अध्यक्ष पद का नामांकन भरा। आंध्र फुटबॉल संघ ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा जबकि राजस्थान फुटबाल संघ ने उसका अनुमोदन किया।



भूटिया ने कहा,'' भारतीय टीम में चाहे वह आयु वर्ग में हो या सीनियर टीम आगामी वर्षों में योग्यता के आधार पर विश्वकप के लिए क्वालीफाई कर सकती हैं, लेकिन इसके लिए सुधार करने और देश की फुटबॉल प्रणाली को साफ सुथरा बनाने की जरूरत है।'' उन्होंने कहा,'' हमें जमीनी स्तर पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। इसके अलावा हमें राज्य संघों पर अधिक ध्यान देना होगा क्योंकि प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी राज्यों से ही आते हैं। इसलिए राज्यों को दिए जाने वाले बजट में बढ़ोतरी की जाएगी।'' भारत की पुरुष टीम ने 2017 में फीफा अंडर-17 विश्व कप में भाग लिया था क्योंकि वह तब मेजबान था। महिला टीम भी अक्टूबर में फीफा अंडर-17 विश्व कप में भाग लेगी क्योंकि उम्मीद है कि एआईएफएफ से प्रतिबंध हट जाएगा और भारत इस प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा।

## आईसीसी ने स्मृति मंधाना को अपनी 100 प्रतिशत क्रिकेट सुपरस्टार सूची में शामिल किया

**दुबई , 26 अगस्त 2022।** भारतीय महिला टीम की उप-कप्तान स्मृति मंधाना शुक्रवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की 100 प्रतिशत क्रिकेट सुपरस्टार सूची में युवा सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा के साथ शामिल हो गई हैं।
शैफाली वर्मा, इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन, न्यूजीलैंड की अमेलिया केर, वेस्ट इंडीज की हैली मैथ्यूज और दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोल्वार्डट 100 प्रतिशत क्रिकेट सुपरस्टार टीम महिला खिलाड़ी बनीं।
शुक्रवार को, आईसीसी ने पांच और खिलाड़ियों को जोड़ा जो इस पहल का हिस्सा हैं ङ्क मंधाना, फातिमा सना (पाकिस्तान), एश्ले गार्डनर (आस्ट्रेलिया), सोफिया डंकले (इंग्लैंड), और गैबी लुईस (आयरलैंड)।
26 साल की मंधाना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक दशक पूरा करने के करीब हैं। उन्होंने खुद को



दुनिया भर में सबसे पूर्ण प्रारूप वाली खिलाड़ियों में से एक के रूप में स्थापित किया है।
मंधाना ने 74 एकदिवसीय मैच खेले हैं, जिसमें 42.52 की औसत से 2,892 रन बनाए हैं, जिसमें पांच शतक और 23 अर्धशतक शामिल हैं। टी20 क्रिकेट में, उनके नाम 92 मैचों में 2,192 रन हैं, जिसमें 16 अर्धशतक शामिल हैं। मंधाना ने चार टेस्ट भी खेले हैं और इस प्रारूप में एक शतक और दो अर्धशतक जड़े हैं।
मंधाना भारतीय महिला क्रिकेट में एक कप्तान के रूप में भी उभरी हैं। उनकी निरंतरता ने उन्हें 2021 आईसीसी महिला क्रिकेटर आफ द ईयर के रूप में नामित किया है, जबकि आईसीसी महिला खिलाड़ी रैंकिंग में वह क्रमश~ एक दिवसीय और टी20 में बल्लेबाजों के लिए 10वें और चौथे स्थान पर हैं।



## भारतीय टीम की हुई बड़ी जीत


**साउथम्पटन , 26 अगस्त 2022।** भारत की उपकप्तान स्मृति मंधाना के शानदार अर्धशतक की मदद से सदर्न ब्रेव ने ट्रेंट रॉकेट्स को 10 विकेट से हराकर 'द हंड्रेड' क्रिकेट टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में अपनी जगह सुरक्षित की। मंधाना ने 31 गेंदों पर 57 रन बनाए जिसमें नौ चौके और दो छक्के भी शामिल हैं। इससे पहले लॉरेन बेल ने 10 रन देकर चार विकेट लिए और रॉकेटस की टीम को आठ विकेट पर 88 रन ही बनाने दिए।
छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए मंधाना और इंग्लैंड की सलामी बल्लेबाज डैनी वायट ने अपनी टीम को 44 गेंद शेष रहते ही जीत दिला दी। वायट ने 25 गेंदों पर 36 रन बनाए। मंधाना ने शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाया। उन्होंने पहली गेंद पर ही चौका जड़ा और केवल 30 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद उन्होंने विजयी छक्का भी लगाया।

# पाकिस्तान से कोहली से मिलने के लिए इस दिव्यांग लड़की की ख्वाहिश विराट ने की पूरी

**नयी दिल्ली , 26 अगस्त 2022।** एशिया कप 2022 का आगाज शनिवार से होना है। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम को प्रबल दावेदार माना जा रहा है। क्रिकेट के कई दिग्गजों ने एशिया कप के लिए भारत को फेवरेट बताया है। भारत-पाकिस्तान के अलावा श्रीलंका, अफगानिस्तान और बांग्लादेश इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही है। अपने पहले मैच के लिए भारतीय खिलाड़ी नेट पर जमकर पसीना बहा रहे हैं।

### पाकिस्तान की फैन से मिले कोहली

ट्रेनिंग के दौरान स्टेडियम के आस-पास कई फैंस भी अपने पसंदीदा खिलाडियों की झलक पाने के लिए आ हुए थे। इस दौरान ट्रेनिंग सेशन के बाद का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में विराट कोहली पाकिस्तान की एक दिव्यांग फैन नूर के साथ एक खास मुलाकात करते दिखाई दे रहे हैं। जब नूर के बारे में कोहली को पता चला वह खुद को



रोक नहीं पाए और तुरंत उनसे मिलने पहुंच गए।

### कोहली के लिए किया घंटों तक इंतजार

बता दें कि कराची की रहने वाली नूर विराट कोहली की जबरदस्त फैन है। वह स्पेशली कोहली से मिलने के लिए स्टेडियम में पहुंची थी। ट्रेनिंग सेशन में आते समय तो कोहली का ध्यान उन पर नहीं गया। लेकिन जाते समय कोहली ने उनसे मुलाकात की। लगभग तीन घंटे तक भारतीय खिलाड़ियों ने नेट पर प्रैक्टिस किया और तब तक यह पाकिस्तानी फैंस कोहली का इंतजार करती रही।
कोहली से मिलने के लिए पाकिस्तान से आई हूं यू-ट्यूब पर जारी एक वीडियो में इस लड़की ने विराट कोहली की खूब तारीफ की है। पाक टीवी से बातचीत में उन्होंने कहा कि मैं किसी और की नहीं बल्कि विराट कोहली की फैन हूं। मैं पाकिस्तान से सिर्फ इसलिए आई ताकि मुझे विराट के साथ तस्वीर खिंचवाने का मौका मिले। एक बेहतरीन क्रिकेटर के साथ-साथ वो काफी अच्छे इंसान भी हैं। उन्होंने हमें काफी टाइम दिया और हमारे साथ सेल्फी ली। इस लड़की का यह वीडियो काफी वायरल हो रहा है।

## कोच से लेकर कप्तान तक,टी 20 विश्वकप के बाद भारतीय टीम में हुए हैं ये बदलाव

**नयी दिल्ली , 26 अगस्त 2022।** एशिया कप 2022 का श्रीगणेश होने में अब कुछ ही घंटों का समय बचा है। अफगानिस्तान और श्रीलंका के बीच मुकाबले से टूर्नामेंट का आगाज होगा। वहीं एशिया कप के दूसरे दिन यानी 28 अगस्त को भारत और पाकिस्तान की टीम आमने-सामने होंगी। इस महामुकाबले से पहले दोनों टीमें टी20 विश्वकप 2021 में भिड़ी थीं। 24 अक्टूबर 2021 को दुबई में खेले गए इस मैच में पाकिस्तान ने शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी करते हुए 10 विकेट से जीत दर्ज की थी। अब दोनों ही टीमों में कई बदलाव आ चुके हैं। भारतीय टीम के कप्तान और कोच दोनों ही बदल चुके हैं। वहीं दोनों टीमों के मुख्य तेज



गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और शाहीन शाह अफरीदी चोट के कारण टूर्नामेंट का हिस्सा नहीं हैं।

### रवि शास्त्री थे तब भारत के कोच

पिछले साल के आखिरी में खेले गए टी20 विश्वकप के दौरान रवि शास्त्री भारतीय टीम के हेड कोच थे। टूर्नामेंट के बाद उनका कार्यकाल समाप्त हो गया था। उनके बाद राहुल द्रविड़ को भारतीय टीम का हेड कोच बनाया गया था। हालांकि द्रविड़ की कोरोना रिपोर्ट अभी पॉजिटिव है, ऐसे में एनसीए प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण को एशिया कप 2022 के लिए भारत का अंतरिम हेड कोच बनाया गया है। वहीं पाकिस्तान के हेड कोच अभी सकलैन मुश्ताक ही हैं।

## विजय देवरकोंडा 18 साल की उम्र तक महिलाओं से डरते थे



अभिनेता विजय देवरकोंडा ने एक चौंकाने वाला खुलासा करते हुए कहा कि वह महिलाओं से डरते थे। वह उन्हें देख भी नहीं सकते थे और न ही उनसे बात कर सकते थे। उन्होंने कहा, मैं लगभग 18 साल की उम्र तक महिलाओं से बेहद डरता था।
उन्होंने आगे कहा, मेरे पास किसी महिला की आंख में देखने या बातचीत करने की हिम्मत नहीं थी। तो यह एक सच्चाई है।चूंकि मैं लड़कों के बोर्डिंग स्कूल में पला-बढ़ा हूं, मुझे लगा कि महिलाएं एक अलग प्रजाति की तरह हैं। वे एक विदेशी प्रजाति की तरह लग रही थीं। और आप सभी बहुत सुंदर हैं, इसलिए यह कठिन है।लिगर हिंदी, तेलुगू, तमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में बनी है, यह फिल्म 25 अगस्त को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई।

## क्रॉप टॉप में निक्की तंबोली ने इंटरनेट पर फिर लगाई आग

बिग बॉस फेम निक्की तंबोली एक बार फिर से इंटरनेट पर अपनी बोल्ड फोटो के कारण छाई हुई हैं। बोल्ड फोटोशूट में अपनी ग्लैमरस अदा के लिए निक्की तंबोली हमेशा से लोकप्रिय रही हैं। इस बार एक बार फिर से निक्की तंबोली ने अपने इस नए अंदाज से इंटरनेट पर पूरी तरह से आग लगा दी है। साउथ की फिल्मों से निकलकर निक्की तंबोली बिग बॉस 14 और खतरों के खिलाड़ी 11 जैसे रियलिटी शो में उनकी उपस्थिति के बाद ही उनके और उनके करियर के लिए चीजें काफी बदल गईं।



इस बार निक्की तंबोली एक बार फिर से शार्ट टॉप में अपना ग्लमैर से भरा अंदाज दिखा रही हैं। जिसे इंटरनेट पर सबसे अधिक देखा जा रहा है। हर बार निक्की एक तस्वीर या वीडियो के जरिए अपनी अदा से बिजली गिरा देती हैं। अपने सोशल मीडिया हैंडल पर, निक्की की यह तस्वीरें सबसे अधिक देखी जा रही हैं। निक्की तंबोली ने इस बार अपने शानदार नारंगी स्ट्रैपलेस ब्रैलेट और योग पैंट में बड़ा समय बिता रही है और अपने कर्व्स को दिखाकर हॉटनेस दिखा रही हैं। निक्की ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक छोटे से क्रॉप टॉप में कई तस्वीरें साझा की हैं। तस्वीरें कुछ और नहीं बल्कि निक्की के हॉट मिड्रिफ और बोल्ड फैशन का शो हैं। प्रिंसटन ऑरेंज कलर का छोटा क्रॉप टॉप पहने निक्की तंबोली ने तस्वीरों में अपने क्लीवेज और मिडरिफ को फ्लॉन्ट किया। इस टॉप को निक्की नेग्रे-ईश डेनिम के साथ शीर्ष जोड़ा। स्मोकी आई मेकअप ने लुक में चार चांद लगा दिए। उन्होंने कैजुअल बीची कर्ल्स में अपने बालों को खुला रखा था। निक्की ने अपने इस अंदाज के साथ पांच तस्वीरें पोस्ट की हैं, हर बार की तरह फैंस के कमेंट के साथ निक्की तंबोली ने अपना जलवा कायम रखा है।

## अक्षय कुमार ने की कठपुतली की घोषणा, 2 सितंबर को हॉटस्टार पर आएगी फिल्म




अक्षय कुमार बॉलीवुड के व्यस्त अभिनेताओं में शामिल हैं। एक के बाद एक उनकी कई फिल्में रिलीज की कतार में रहती हैं। अब उन्होंने अपनी नई फिल्म कठपुतली की घोषणा कर दी है, जो 2 सितंबर को डिज्नी + हॉटस्टार पर रिलीज होगी। इस फिल्म से अक्षय का फर्स्ट लुक भी जारी हो गया है। इसे पूजा एंटरटेनमेंट द्वारा प्रोड्यूस किया जाएगा। फिल्म के निर्देशन का काम रंजीत एम तिवारी ने संभाला है।
अक्षय ने ट्विटर पर इस फिल्म का ऐलान किया है। उन्होंने इसका टीजर शेयर करते हुए अपने ट्वीट में लिखा, ये खेल पावर का नहीं, दिमाग का है। और इस माइंड गेम में आप और मैं सभी कठपुतली हैं। फिल्म 2 सितंबर को डिज्नी + हॉटस्टार पर आएगी। जैसे ही सोशल मीडिया पर फिल्म की घोषणा हुई, फैंस की तरफ से अभिनेता को बधाइयां मिलनी शुरू हो गईं।
35 सेकेंड के टीजर में अक्षय पुलिस की वर्दी में दिखे हैं। इससे स्पष्ट होता है कि फिल्म में अक्षय एक बार फिर पुलिस वाले की भूमिका में नजर आएंगे। यह एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है, जिसमें अक्षय के साथ रकुल प्रीत सिंह भी दिखने वाली हैं। सरगुन मेहता भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। फिल्म को जैकी भगनानी, वाशु भगनानी और दीपशिखा देशमुख द्वारा प्रोड्यूस किया जाएगा। असीम अरोरा ने इसका लेखन किया है।
कठपुतली से पहले अक्षय आखिरी बार रोहित शेट्टी की फिल्म सूर्यवंशी में एक पुलिस अधिकारी की भूमिका में दिखे थे। यह कॉप ड्रामा फिल्म बॉक्स ऑफिस पर पैसा वसूल साबित हुई थी। फिल्म पिछले साल सिनेमाघरों में आई थी।
कठपुतली तमिल क्लासिक फिल्म रत्सासन की हिंदी रीमेक होगी। रत्सासन 2018 में रिलीज हुई थी। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे फिल्म का अहम पात्र अरुण फिल्म निर्माता बनने के सपने को छोड़ देता है और अपने पिता की मृत्यु के बाद एक पुलिस अधिकारी की नौकरी करता है। वह एक साइको किलर को ट्रैक करने की कोशिश करता है, जो छात्राओं को निशाना बनाता है। इसमें अमला पॉल, अम्मू अभिरामी और काली वेंकट नजर आए थे। अक्षय हाल में रक्षा बंधन में भूमि पेडनेकर के साथ दिखे हैं।













CMYK

## संक्षिप्त समाचार



### सीएम भूपेश ने अमित शाह को दिया पोला पर्व में घर आने न्यौता

रायपुर, 26 अगस्त 2022। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने फोन पर बात किया और रायपुर दौरे के दौरान घर आने का निमंत्रण भी दिया है। शुक्रवार की देर शाम अमित शाह को सीएम ने 27 अगस्त को पोला - तीज पर्व में छत्तीसगढ़ के लोकपर्व की समृद्ध संस्कृति से परिचित कराने के लिए मुख्यमंत्री निवास आमंत्रित किया है।

उन्होंने कहा हमारी संस्कृति और वैभव शाली परंपरा है, और हम देश के गृहमंत्री को यहां के लोकरंग से परिचित कराने के लिया आमंत्रित कर रहे है । बता दें कि कल 27 अगस्त को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह रायपुर पहुंचेंगे। यहां वे नया रायपुर में एनआईए बिल्डिंग कार्यालय का उदघाटन करेंगे। फिर श्री शाह मोदी @20 किताब के संबंध में सभी वर्ग से बातचीत करेंगे।

### होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी के परिणाम घोषित, डॉ.एकता चंद्राकर बनीं स्टेट टॉपर




रायपुर, 26 अगस्त 2022। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सा शिक्षा (आयुष) विभाग के चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी है। डॉ एकता चंद्राकर ने परीक्षा मे टॉप किया है। टॉप थ्री में दो महिलाएं शामिल हैं।

लोक सेवा आयोग से मिली जानकारी के अनुसार कुल 20 पदों के लिए 60 अभ्यर्थियों का चयन किया जाना था, किंतु वर्गवार/उपवर्गवार अभ्यर्थियों की उपलब्धता के आधार पर कुल 28 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के लिए चिन्हांकन किया गया।

उपरोक्त पद हेतु लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के कुल योग के मेरिट क्रम के आधार पर 20 पद के विरूद्ध 15 पद पर अभ्यर्थियों की उपलब्धता अनुसार चयन सूची एवं अनुपूरक सूची जारी की गई है। चयन सूची छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की अधिकारिक वेबसाइट https://www.psc.cg.gov.in/ पर से डाउनलोड की जा सकती है।

### 200 से ज्यादा शिक्षकों के तबादले, स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश



रायपुर, 26 अगस्त 2022। स्कूल शिक्षा विभाग ने बड़ी संख्या में शिक्षकों के तबादले किये है, जिनमे बालोद, राजनांदगाव और बेमेतरा जिले के अंग्रेजी मध्यक के विद्यालयों के शिक्षकों के नाम शामिल है।

### राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का हुआ तबादला, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर समेत बदले गए अधिकारी




रायपुर, 26 अगस्त 2022। छत्तीसगढ़ में बड़ी संख्या में राज्य प्रशासनिक अधिकारियों का तबादला किया गया है। जिन अधिकारियों का तबादला हुआ है उनमे कई जिलों के संयुक्त कलेक्टर और डिप्टी कलेक्टर के नाम शामिल हैं। इसके लिए सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है।

# ऐतिहासिक मूर्ति की हुई चोरी,पुजारी को बंधक बनाकर हथियार बंद युवकों ने दिया अंजाम,पुलिस ने इलाके में की नाकेबंदी

बिलासपुर, 26 अगस्त 2022। मस्तुरी क्षेत्र के भंवर गणेश मंदिर से गरुण देव की प्रतिमा को हथियारबंद युवक ले भागे. आरोपियों ने मंदिर के पुजारी को बंधक बनाकर घटना को अंजाम दिया. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचकर पुजारी से पूछताछ कर आरोपियों की पतासाजी की जा रही हैं.

जानकारी के मुताबिक, रात करीब 2 बजे मस्तूरी क्षेत्र के (इटवा) पाली के भंवर गणेश मंदिर में 3-4 अज्ञात युवक पहुंचे. पुजारी को बंधक बनाकर गरुण देव की ऐतिहासिक प्रतिमा अपने साथ लेकर भागे





निकले. घटना की सूचना पाते ही बड़ी संख्या में पुलिस बल डॉग स्क्वाड के साथ पाली पहुंचकर चोरों की तलाश शुरू कर दी. इसके साथ ही बिलासपुर एसएसपी पारुल माथुर भी मौके पर पहुंची, मंदिर के पुजारी से पूछताछ करने के बाद जांच के लिए जरूरी निर्देश दिए. बात दें कि मस्तूरी क्षेत्र के मल्हार ऐतिहासिक डिंडेश्वरी माता की प्रतिमा भी कभी कुछ वर्ष पूर्व अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली थी. तब इस मामले को लेकर काफी हंगामा बरपा था। पुलिस ने अथक प्रयास कर उत्तर प्रदेश से प्रतिमा को बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई थी।

# राजधानी बनेगी तीन दिन भाजपा-आरएसएस के दिग्गजों का ठिकाना

» भगवत,नड्डा समेत आरएसएस के 37 आनुषंगिक संगठनो की बनेगी आगामी कार्ययोजना







रायपुर, 26 अगस्त 2022। राजधानी रायपुर अगले महीने तीन दिनों तक भाजपा और आरएसएस के राष्ट्रीय लीडरों का केंद्र बिंदु रहेगी। पहली बार आरएसएस की तीन अहम् बैठकों में से सबसे खास समन्वय बैठक रायपुर में आयोजित होने वाली है। यह बैठक सितम्बर महीने की 10, 11 और 12 तारीख को रायपुर के माना एयरपोर्ट के पास जैनम मानस भवन में होगी। इसमें बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष भी तीन दिन का समय बिताएंगे। सारे पदाधिकारी 9 सितंबर तक पहुंच जाएंगे। सभी के रहने की व्यवस्था जैनम में ही होगी 2018 के चुनाव में बस्तर, सरगुजा ही नहीं, बल्कि जशपुर से भाजपा पूरी तरह साफ हो गई थी। आरएसएस के सभी संगठनों की अपनी अलग कार्ययोजना होती है, लेकिन यह माना जाता है कि इन कार्यों का लाभ भाजपा को मिलता है। इसके विपरीत 2018 के चुनाव में आरएसएस की नाराजगी की बात सामने आई थी, जिसकी वजह से भाजपा को तगड़ी हार का सामना करना पड़ा था। समन्वय बैठक में इन बिंदुओं पर बात होगी कि आरएसएस ने क्या सुझाव दिए थे और भाजपा ने क्यों अनदेखी किया और आगामी चुनाव के लिए सभी दलों के समन्वय से पराजय को जीत में तब्दील करने के लिए क्या करें।

**क्या क्या होगा तीन दिन**

संघ की अखिल भारतीय समन्वय बैठक पहली दफा राजधानी रायपुर में रखी गई है। सर संघ चालक मोहन भागवत के साथ संघ परिवार के 37 आनुषांगिक संगठनों के 200 से ज्यादा अखिल भारतीय पदाधिकारी आगामी कार्ययोजना पर मंथन करेंगे। यह बैठक 10, 11 व 12 सितंबर को एयरपोर्ट के सामने स्थित जैनम मानस भवन में होगी। इसमें बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्?डा व राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष भी तीन दिन का समय बिताएंगे। सारे पदाधिकारी 9 सितंबर तक पहुंच जाएंगे। सभी के रहने की व्यवस्था भी यहीं की गई है। स्थानीय स्वयंसेवक जो व्यवस्था में रहेंगे, उनके अलावा किसी को भी भीतर जाने की अनुमति नहीं होगी। आरएसएस के पदाधिकारियों के मुताबिक सभी आनुषांगिक संगठनों के प्रमुख सालभर के जो कार्य निर्धारित किए गए थे, उस पर अपनी रिपोर्ट देंगे। साथ ही, बाकी संगठनों से जो अपेक्षाएं थीं, उस पर भी अपनी बात रखेंगे। आरएसएस की यह बैठक हर साल होती है, इससे पहले यह तेलंगाना और राजस्थान में हुई थी।



### रायपुर में मोपेड से अवैध शराब की तस्करी, 2 युवक गिरफ्तार

रायपुर, 26 अगस्त 2022। राजधानी के पुरानी बस्ती थाना इलाके में पुलिस ने मोपेड से शराब की तस्करी रखें वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया है। रायपुर एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने मामले में खुलासा करते हुए बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम देवचरण पटेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राइम अभिषेक महेश्वरी के मार्गदर्शन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक राजेश चौधरी के पर्यवेक्षण में नशे का सामान बेचने वालों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत ए सी सी यू की टीम एवम थाना पुरानी बस्ती पुलिस के सँयुक्त रेड कार्यवाही से बड़ी मात्रा में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करने के लिए जा रहे आरोपी गण को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई। विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 26.08.2022 को मुखबिर से सूचना मिली की भाटा गांव बाजार के पास दो पहिया वाहन होंडा एक्टिवा में दो लड़के वाहन में शराब रखकर बिक्री करने के लिए ले जा रहे हैं।

# मोहन मरकाम के शासकीय आवास के नेम प्लेट पर कालिख पोतने वालों पर एफआईआर,कई कार्यकर्ता गिरफ्तार

रायपुर, 26 अगस्त 2022। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में भ्रष्टाचार और बेरोजगारी के विरोध 24 मार्च को भाजयुमो के मुख्यमंत्री निवास घेराव और प्रदर्शन के दौरान उपद्रव करते कुछ और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है।



इसमें कबीर चौक सिविल लाइन में विधायक और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम के शासकीय निवास के नेम प्लेट पर कालीख और मिट्टी पोतने, मौके पर ड्यूटी में तैनात सुरक्षाकर्मियों के शासकीय कार्य में व्यवधान पैदा करने, वहां लगे बैनर-पोस्टर को फाड़ने के प्रकरण में थाना सिविल लाइन में आरोपी बीकेश साहू और विवेक जायसवाल निवासी कुसमी जिला बलरामपुर और उनके अन्य सहयोगियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।



इसी तरह पुराना सर्किट हाउस के पास अभियंता चौक पर आरोपी BJYM कार्यकर्ता विशाल पांडेय, धीरज मिश्रा, रंजीत तिवारी निवासी कबीर नगर रायपुर, शुभंकर द्विवेदी निवासी आमानाका, मिथिलेश यादव निवासी कुम्हारी ,कमलेश सूर्यवंशी निवासी राजनांदगांव, अजय जगत निवासी कालीबाड़ी रायपुर, सुमित साहू निवासी सूरजपुर, केदार दीवान निवासी जगदलपुर और सौरव वर्मा निवासी बिरगांव रायपुर समेत उनके अन्य सहयोगीयों के द्वारा ड्यूटी में लगे पुलिस अधिकारी कर्मचारियों के साथ अभद्रता, शासकीय कार्य में बाधा डालने, उनसे धक्का-मुक्की कर चोटिल करने के साथ सर्किट हाउस के अंदर पत्थरबाजी करने और तोड़फोड़ करने के आरोप में विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक घटना के दौरान मिले वीडियो के आधार पर प्रकरण में शामिल अन्य आरोपी और प्रदर्शनकारियों की पहचान की जा रही है। फुटेज के आधार पर और आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी।





## तीज के पकवान से महका सीएम हॉउस,मिसेज सीएम की शक्करपारे बनाती फोटो ट्वीट

रायपुर, 26 अगस्त 2022। समय समय पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने ठेट छत्तीसगढ़िया अंदाज़ से चौंकाते रहते हैं। इसी तारतम्य में लोक संस्कृति और पर्व को पुरे उत्साह से मानाने का उनका अंदाज़ भी अलहदा है। लेकिन, आज सीएम ने एक फोटो ट्वीट कर न सिर्फ चौंकाया बलकि उनके साथ साथ उनकी जीवन संगिनी की सादगी और सरल गृहस्थ जीवन से भी सब वाकिफ हो गए। मिसेज़ सीएम की फोटो तीजा के पारम्परिक पकवान बनाते हुए मुख्यमंत्री ने ट्वीट किया है।

फोटो में शक्करपारे तलते हुए दिख रही हैं। बता दें कि ट्वीट की गई तस्वीर देखने से ही साफ ज़ाहिर होता है कि फोटो लिए जाने से बेखबर सीएम भूपेश बघेल की पत्नी मुक्तेश्वरी बघेल पकवान बनाने में मसरूफ हैं। दरअसल सुबाई सियासत में ऐसी तस्वीर बहुत ही काम देखने में आई हैं। बता दें प्रदेश में तीजा पोला का पर्व 28 अगस्त को मनाया जाएगा। इस पर्व पर किसान अपने बैलों की पूजा कर सुखसमृद्धि का आशीर्वाद मांगते है। गांव, मोहल्ले, शहरों में बच्चे मिट्टी के बैलों को दौड़ाते है। ये पर्व पूरे प्रदेश में बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। मुख्यमंत्री निवास में भी पर्व को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। छत्तीसगढ़ के घर घर में तिजहरिने अपने पति की सुरक्षा और शिवभक्ति में निर्जला उपवास रहती हैं। वही व्रत के पूर्व करू भट की भी परंपरा है।

# प्लास्टिक चावल सवालों के घेरे में सिस्टम,आखिर कौन कर रहा है सांठगाठ,अधिकारी या मिलर्स

जांजगीर, 26 अगस्त 2022। जांजगीर चांपा जिला के सेमरा गांव के लोग पीडीएस सिस्टम का चावल खाने में घबरा रहे है। ग्रामीणों का आरोप है कि एपीएल और पीबीएल परिवार को बांटे गए चावल में प्लास्टिक चावल मिला हुआ है। जो दिखने में चावल की तरह ही है और पानी में डालने के बाद हल्का और चिपचिपा हो जा रहा है।

बाल बना कर ऊपर से गिराने पर भी नहीं टूट रहा है। जिसे खाने के बाद पेट में दर्द की समस्या भी होने लगी है। जिसके कारण अब इस चावल को खाने में लोग डरने लगे है।

पूरा मामला जांजगीर जिले के नवागढ़ तहसील के सेमरा गांव में सार्वजनिक वितरण प्रणाली से ग्रामीणों को बांटे गए चावल को खाने से लोग डर रहे है। कोटे की दुकान से मिले चावल में प्लास्टिक के चावल का दाना मिलावट होने की बात से लोग सकते में आ गए। वे अपने-अपने घर का चावल का भी मिलान करने लगे तो अधिकांश लोगो को एक जैसा चावल के दाने दिखाई दिए।






इस पर उनका शक और गहरा हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले राशन दुकान से इस तरह का चावल का वितरण कभी नहीं हुआ है. गांव में महिला स्व सहायता समूह को राशन वितरण का काम सौंपा गया है। जहां से 17 अगस्त को खरीद कर लाया गया और 3 दिन से उस चावल को धो कर बनाया जा रहा है ,इसमें प्लास्टिक का चावल मिला हुआ है, खाने में कोई स्वाद नहीं है।

साथ ही बच्चों इसको खाने से पेट में दर्द होने लगा है। फिर अब चावल को धो कर प्लास्टिक को निकालने का प्रयास किया जा रहा है। इस चावल से बाल बन जा रहा है और नीचे गिराने से फूटता नही बल्कि उचकने लगता है। इस चावल को खा पाना संभव नहीं है।

इस मामले नागरिक आपूर्ति निगम के प्रभारी ने बताया कि पीडीएस के चावल में प्लास्टिक चावल मिलने का आरोप गलत है। पीडीएस का चावल राइस मिलर से लेकर पीडीएस की दुकान में सप्लाई किया जाता है।

सीजी में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

# स्पा सेंटर की आड़ में चल रहा था देह व्यापार,4 युवतियां और 3 युवक गिरफ्तार



रायगढ़, 26 अगस्त 2022। स्पा सेंटर की आड़ में चल रहे सेक्स रैकेट का पुलिस ने पर्दाफाश किया है. पुलिस ने स्पा सेंटर पर छापा मारकर 4 युवतियों और 3 युवकों को गिरफ्तार किया है. मामले में पुलिस ने सभी के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धारा 109 के तहत कार्रवाई की है.

यह मामला रायगढ़ जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित लोटस स्पा सेंटर का है. पुलिस को यहां लंबे समय से स्पा की आड़ में सेक्स रैकेट की शिकायत मिल रही थी. पुलिस की टीम ने मौके पर दबिश दी, जहां 4 युवतियां और 3 युवक आपत्तिजनक हालत में पाए गए.

गिरफ्तार की गई 3 युवतियां पश्चिम बंगाल के दार्जलिंग की हैं. वहीं एक ओडिशा के संबलपुर की रहने वाली है, जबकि पकड़े गए युवक रायगढ़ के चक्रधर नगर और कोतरा रोड के हैं और 1 बरगढ़ का रहने वाला है. मामले में पुलिस ने सभी के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धारा 109 के तहत कार्रवाई की है.

# आज पोला पर्व में होगी बैल दौड़,श्रृंगार प्रतियोगिता

### पूजा कर खिलाएंगे छत्तीसगढ़ी व्यंजन

रायपुर, 26 अगस्त 2022। छत्तीसगढ़ में ग्रामीण क्षेत्रों में पोला का त्योहार भादों कृष्ण पक्ष अमावस्या से कुशग्रहिणी अमावस्या भी कहा जाता है इस दिन ग्रामों में बच्चे बूढ़े एवं महिलाओं द्वारा बैलों की पूजा कर मनाया जाता है। उक्त अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों में खुले मैदानों में बैल दौड़ का आयोजन किया जाता है। सजे धजे बैलों की महिलाओं द्वारा एवं किसानों द्वारा विधिपूर्वक पारंपरिक पूजा कर उनका आशीर्वाद लिया जाता है। उक्त अवसर पर छत्तीसगढ़ी व्यंजनों में ठेठरी खुरमी, चाकोली आदि का निर्माण कर बैलों को भोग लगाया जाता है।

मिली जानकारी के अनुसार खेती-किसानी में सहयोग करने वाले बैलों को सम्मान देने के लिए आज पोला पर्व मनाया जाएगा। इस दिन किसान अपने खेतों में काम नहीं करेंगे, बल्कि बैलों को स्नान करवाकर उनका श्रृंगार करेंगे। छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का भगवान को भोग लगाकर बैलों को खिलाएंगे। बच्चों के मन में बैलों के प्रति सम्मान की भावना जागृत हो, इसलिए जिनके घरों में बैल नहीं हैं, वे मिट्टी के बैलों की पूजा करेंगे। बच्चों की टोली मिट्टी के बैल चलाते हुए घर-घर जाएंगे। बच्चों को उपहार देकर विदा किया जाएगा।

**आज भी बैलों पर ही निर्भर है खेत जोताई**



महामाया मंदिर के पुजारी पं. मनोज शुक्ला के अनुसार प्रत्येक वर्ष हिंदू संवत्सर के भाद्रपद माह की अमावस्या तिथि पर पोला पर्व मनाने की परंपरा चली आ रही है। पर्व का उद्देश्य सभी जानवरों के प्रति मन में सम्मान की भावना रखना है। चूंकि प्राचीन काल में खेतों को जोतने का कार्य पूरी तरह से बैलों पर निर्भर था, इसलिए इस दिन बैलों का सम्मान किया जाता है। बैलों की तेल-मालिश करके स्नान करवाकर पूजा की जाती है, विविध तरह के व्यंजन खिलाए जाते हैं। किसान अपने घर पर ठेठरी, खुरमी, चौसेला, खीर, पूड़ी, बरा, मुरकू, भजिया, मूठिया, गुजिया, तसमई आदि व्यंजनों का भोग लगाते हैं।

**अन्न माता का गर्भधारण**

पोला पर्व के दिन किसान खेतों में नहीं जाते, अपना काम बंद रखते हैं। मान्यता है कि इस दिन अन्ना माता गर्भ धारण करतीं हैं। धान के पौधों में दूध भरता है।

**कुम्हार बना रहे मिट्टी के बैल-बर्तन**

पोला पर्व को मात्र पांच दिन शेष हैं, इसलिए पर्व मनाने की तैयारी जोरशोर से की जा रही है। बच्चे मिट्टी के बैल दौड़ाते हैं और बच्चियां रसोई में उपयोग में आने वाले मिट्टी के बर्तनों से भोजन बनाने का खेल खेलकर मनोरंजन करतीं हैं। इसे देखते हुए कुम्हार मिट्टी के बैल, जांता, चुकिया, बेलन-पाटा, खिलौनों को बनाने में जुटे हैं।

**पोरा पटकने की परंपरा**

मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण ने अनेक राक्षसों का संहार किया था। इनमें से एक राक्षस का नाम पोलासुर था। जिस दिन पोलासुर का संहार हुआ था, उस दिन भाद्रपद अमावस्या तिथि थी। पोला पर्व पर गांव की बच्चियां मिट्टी से बने पोरा को पटकने की परंपरा निभातीं हैं। यह परंपरा उस जगह निभाते हैं जहां गांव के बाहर बैल अथवा साहड़ा देव की प्रतिमा स्थापित रहती है।

**रावणभाठा मैदान में बैल दौड़-श्रृंगार प्रतियोगिता**

श्रीजन्माष्टमी उत्सव समिति के अध्यक्ष माधवलाल यादव बताते हैं कि पोला पर्व पर बैलों का सम्मान करने रावणभाठा मैदान में बैलों का श्रृंगार प्रतियोगिता और बैल दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। श्रेष्ठ बैलों के मालिकों को नकद रुपये और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही ग्रामीण खेलों में गेड़ी दौड़, लंगड़ी, फुगड़ी आदि प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)